ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -प्रतिपदा, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 352 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
07 जून 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

39 अधिकतम

28 न्यूनतम



Page- 7

## संसदीय दल की बैठक हुई अब देश में मोदी 03 सरकार, 9 जून की शाम पांच बजे शपथ के आसार

# एन फैक्टर के बीच तीसरी बार सरकार मगर समन्वय जरूरी



**नई दिल्ली एजेंसी, दोपहर मेट्रो**

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद सरकार के आकार को लेकर जारी सस्पेंस के बीच आज भाजपा एनडीए संसदीय दल की बैठक में नेता चुने जाने के बाद नरेंद्र मोदी अब सरकार बनाने का दावा पेश करने राष्ट्रपति भवन पहुंचेंगे। पुरानी संसद के संविधान भवन में बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। जो पारित हो गया। बैठक में नीतीश, नायडू भी मौजूद रहे। इससे पहले मोदी ने यहां पहुंचकर संविधान की प्रति को माथे से लगाया बैठक कक्ष में उनके नाम के नारे भी लगते रहे। मगर सरकार गठन के लिए अहम 'एन फैक्टर' के दोनों एन यानि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार की अपनी शर्तें हैं तो बाकी घटक दलों की भी अपनी-अपनी डिमांड बढ रही हैं। नायडू की पार्टी के साथ नीतीश ने अपने सांसदो को लेकर आज लंबी बैठक की है। नायडू लोकसभा स्पीकर के साथ सरकार में अहम मंत्रालयों पर दावा ठोकने के साथ ही आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर कायम हैं तो नीतीश भी रेल मंत्रालय व अन्य तीन महकमों के साथ बिहार कोविशेष राज्य का दर्जा देने की मांग पर कायम हैं।

### अग्निवीर पर भी नीतीश की शर्त

नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल यूनाइटेड ने भी यूसीसी पर चर्चा, अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार की शर्त रख दी है। जीरो सीट वाली रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख रामदास अठावले ने भी एक मंत्री पद की डिमांड कर दी है। मंत्रिमंडल के लिए जेडीयू ने चार सांसदों पर एक मंत्री का फॉर्मूला दिया तो वहीं पांच पर एक के फॉर्मूले की भी चर्चा है। कैबिनेट बर्थ को लेकर फॉर्मूलों की चर्चा के बीच एनडीए के कई ऐसे दल भी हैं जिनके पास समर्थन के नाम पर एक-दो सीटें हैं लेकिन वह भी कैबिनेट बर्थ के लिए डिमांड कर रहे हैं।

### किस पार्टी की कितनी सीटें?




भाजपा अगुवाई वाले एनडीए को 293 सीटों पर जीत मिली है। इसमें 240 सीटों पर जीत के साथ भाजपा सबसे आगे है। 16 सीटों वाली तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) दूसरे और 12 सीटों वाली नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) तीसरे नंबर पर है। फिर एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना है जिसे सात सीटों पर जीत मिली है। बिहार की छह लोकसभा सीटों पर चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उम्मीदवार उतारे थे। उन्हें पांच सीटों पर जीत मिली। इनके अलावा एनडीए का कोई भी घटक दल पांच सीट के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका. एक और दो सीटें जीतने वाली पार्टियों की संख्या ही अधिक नजर आती है।

# उधर आरबीआई की रेपो रेट यथावत रखने की मजबूरी

## एमपीसी का फैसला, ईएमआई में राहत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने इस बार भी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह 6.50 फीसदी पर यथावत रखा गया है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 24-25 की पहली व लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद एमपीसी बैठक में भी पॉलिसी रेट स्थिर रखे गए थे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज मुंबई बैठक के नतीजों का ऐलान किया। रेपो रेट स्थिर रहने से लोन की ईएमआई में भी कोई बदलाव नहीं होगा।



हालांकि, केंद्रीय बैंक ने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को बढ़ा दिया है। इसे 7 फीसदी से 20 बेसिस पॉइंट बढ़ाते हुए 7.20 फीसदी किया गया है। खास बात यह है कि एमपीसी के छह में से 4 सदस्य रेपो रेट में किसी भी बदलाव के पक्ष में नहीं थे। नए वित्तीय वर्ष की ये दूसरी बैठक रही। फिलहाल रेपो रेट 6.50 फीसदी पर स्थिर है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेटो रेट बदला था और इसे 25 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया था। इसके बाद से इसे चेंज नहीं किया गया है। रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी, स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट 6.25फीसदी, मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट 6.75फीसदी और बैंक रेट 6.75फीसदी पर रखा गया है।

### महंगाई दर का अनुमान जस का तस

केंद्रीय बैंक के मुताबिक, खुदरा महंगाई में कमी देखने को मिल रही है। हालांकि, खाद्य चीजों की महंगाई की वजह से थोक महंगाई दर की गिरावट सुस्त हुई है। ऐसे में रिजर्व बैंक ने महंगाई दर के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। गवर्नर दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक महंगाई दर को 4 फीसदी के लक्ष्य के अनुरूप लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**महंगाई के आंकड़ों पर एक नजर:** मई महीने की रिटेल महंगाई दर के आंकड़े इस महीने के आखिरी में जारी किए जाएंगे। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, अक्टूबर से वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक महंगाई दर 5 फीसदी से नीचे रहने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे पहले अप्रैल महीने में थोक महंगाई बढ़कर 1.26 फीसदी हो गई है, जो इसका 13 महीने का हाई लेवल है। इसके अलावा अप्रैल में रिटेल महंगाई 4.83 फीसदी रही थी।

**यह होगा असर:** आरबीआई की बैठक हर दो महीने में होती है और इसमें शामिल रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास समेत छह सदस्य महंगाई समेत अन्य मुद्दों और बदलावों पर चर्चा करते हैं। रेपो रेट का सीधा कनेक्शन बैंक लोन लेने वाले ग्राहकों से है। इसके कम होने से लोन की ईएमआई घट जाती है और इसमें इजाफा होने से ये बढ़ जाती है। दरअसल, रेपो रेट वह दर है जिस पर किसी देश का केंद्रीय बैंक धन की किसी भी कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है।

### नो चेंज पर भी झूमा बाजार !



जीडीपी ग्रोथ के नए अनुमान के आते ही इसका पॉजिटिव असर शेयर बाजार पर आज दिखाई दिया। सुस्ती के साथ खुला बाजार एकदम से छलांग लगाने लगा। सेंसेक्स 799.97 अंक या 1.07 फीसदी की उछाल के साथ 75,874.48 के लेवल पर पहुंच गया। निफ्टी भी तूफानी तेजी के साथ भागता हुआ नजर आया और देखते ही देखते 227.10 अंक या 1.00 फीसदी की तेजी लेते हुए 23,048.50 के लेवल पर पहुंच गया।

# वॉटर पार्क में मुफ्त एंट्री नहीं मिली तो जेसीबी से की तोड़फोड़

### पर्यटक जान बचाकर भागे

**चित्तौड़गढ, एजेंसी।**

एंट्री फीस को लेकर हुए विवाद के बाद लोगों की भीड़ ने यहां के एक फेमस वाटर पार्क में न सिर्फ तोड़फोड़ की और जमकर उत्पात मचाया. बल्कि बुलडोजर भी चला दिया। यह आरोपी फ्री एंट्री चाहते थे। उनके कहना था कि वे स्थानीय लोग हैं, इसलिए उनसे वाटर पार्क में फीस नहीं ली जाए। जब पार्क प्राधिकरण ने मना किया तो हाथापाई शुरू हो गई और आरोपियों ने कुछ स्थानीय लोगों को मौके पर बुला लिया। फिर चित्तौड़-भीलवाड़ा हाईवे मार्ग के इस वाटर पार्क में जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ कर दी, जिसमें एक स्विमिंग पूल की बाउंड्री भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पांच से छह लोग घायल हो गए।



### दूसरी कहानी भी है!

इस मामले में एक कहानी यह भी सामने आई कि वाटर पार्क के कर्मचारियों ने एक युवक के साथ हुई कहासुनी के बाद मारपीट कर दी थी। जिस पर युवक के समर्थक सोनियाणा गांव सहित आस-पास के गांवों के करीब 100 लोगों ने वाटर पार्क पर पहुंच जमकर तोड़फोड़ कर दी। जेसीबी से वाटर पार्क के पूरे परिसर में जमकर तोड़फोड़ की। एकाएक तोड़फोड़ की वारदात से वाटर पार्क में नहाने आये लोग अपनी जान बचाकर इधर उधर भागते नजर आए। पुलिस जब पहुंची तब तक युवक मौके से फरार हो गए. पुलिस ने वाटर पार्क में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# कंगना के बयान पर भड़की हरसिमरत बोलीं- 'पंजाबी बेहतर डिजर्व करते हैं'



**चंडीगढ, एजेंसी।**

नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कथित बदसूलकी के बाद उनके बयान पर अब सियासी बवाल मच रहा है। कंगना ने कहा था कि पंजाब में बढ़ती आतंकी सोच चिंता की बात है। अब इस पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने कड़ी नाराजगी जताई व कहा, 'पंजाबी सबसे बड़े देशभक्त हैं, जो सीमाओं पर और अन्नदाता के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं, हम बेहतर डिजर्व करते हैं।' हरसिमरत ने एक्स पर लिखा कि मैं केंद्र सरकार से किसानों की शिकायतों पर ध्यान केंद्रित करने और किए गए वादों को पूरा करने का आग्रह करती हूं. किसी को भी पंजाबियों को आतंकवादी या उग्रवादी कहने और सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### एक लाख ईनाम

कंगना को थप्पड़ मारने वाली सिपाही कुलविंदर कौर के पक्ष में भी कई लोग आ गये हैं। जीरकपुर के एक बिजनेसैन शिवराज बैंस ने इस सिपाही को एक लाख रूपए ईनाम की घोषणा की है। बैंस ने कहा वह महिला सिपाही को सलाम करते हैं, उसने पंजाब और पंजाबियत को बचाने के लिए ऐसा किया है।

## नीट धांधली पर नाराज प्रियंका 'छात्रों की आवाज अनसुना कर रही सरकार'

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



नीट परीक्षा के रिजल्ट में धांधली को लेकर लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पहले नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और अब छात्रों का आरोप है कि इसके रिजल्ट में स्कैम हुआ है। सरकार लाखों छात्रों की आवाज को अनसुना क्यों कर रही है? एक्स पर उन्होंने लिखा ' एक ही सेंटर के 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक मिलने पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं और कई तरह की अनियमितताओं की बातें सामने आ रही हैं, दूसरी ओर, रिजल्ट आने के बाद देशभर में कई बच्चों के आत्महत्या करने की खबरें हैं। यह बहुत दुखद और झकझोरने वाला है। क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वो जांच कराकर इन वाजिब शिकायतों का निस्तारण करे?'

## संघ ने कहा-सरकार में बने रहें फडणवीस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा इस्तीफे की पेशकश पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। खबर है कि फडणवीस ने नागपुर में रात को तकरीबन दो घंटे तक संघ पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उनके आवास पर खुद संघ पदाधिकारी पहुंचे थे। बैठक बाद फडणवीस दिल्ली रवाना हो गए। कयास कि आरएसएस के पदाधिकारियों ने फडणवीस को कुछ निर्देश या सलाह दी है। सूत्रों का दावा है कि संघ पदाधिकारियों ने फडणवीस को इस्तीफा नहीं देते हुए सरकार में बने रहने की सलाह दी है।

**मैं फिर आऊंगा:** वहीं शिवसेना के संजय राउत ने फड़णवीस की कड़ी आलोचना की व कहा कि वे सिर्फ नौटंकी कर रहे हैं।एक्स पर राउत ने तंज किया 'मैं फिर आऊंगा..फिर..मैं लोगों के घर और पार्टियां बर्बाद कर दूंगा।'

**मेट्रो एंकर**

## तीसरी बार बादलों के पार पहुंचते ही डांस करने लगे अंतरिक्ष यात्री...

# यान का नियंत्रण हाथ में लेकर इतिहास रचा सुनीता ने

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर सुरक्षित अंतरिक्ष पहुंच गए हैं। इस दौरान विलियम्स खुशी से झूमती दिखीं। इसका एक वीडियो वायरल है। बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने उड़ान क्षमता (मैनुअल पायलटिंग) का परीक्षण भी किया। दोनों ने अंतरिक्ष यान के सदस्यों के तौर पर अपने हाथों में इसका नियंत्रण लेकर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली सुनीता पहली महिला बन गई हैं।

उल्लेखनीय है कि अंतरिक्ष यान आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन चालक दल ने करीब दो घंटे की ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद से नियंत्रण में लिया। उन्होंने स्टारलाइनर को पृथ्वी की ओर किया ताकि सेवा मॉड्यूल के पीछे इसका संचार एंटीना ट्रैकिंग और डाटा रिले उपग्रहों की ओर हो सके। इसके बाद उन्होंने यान को इस तरह से घुमाया कि उसका सूर्य की ओर घुमाव हो ताकि जरूरत पड़ने पर वे आंतरिक बैटरी को चार्ज कर सकें। इस पूरी कवायद का उद्देश्य यह दिखाना था कि यदि तीनों उड़ान कंप्यूटर एक ही समय में बंद हो जाएं तो वे अंतरिक्ष में काम कर सकते हैं। उन्होंने मैन्युअली यान की गति बढ़ाई और फिर इसे धीमा किया, ताकि जरूरी हो तो क्रू दल खुद ही अंतरिक्ष स्टेशन की कक्षा से अलग हो सके।

**26 घंटे का सफर:** अपने शानदार स्वागत के लिए चालक दल के सदस्यों को परिवार कहते हुए उनको धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं आप सबको याद नहीं कर रहीं हूं। आप खुश होंगे जानकार कि मैं यहां अपने एक और परिवार के साथ हूं और मैं यहां बहुत खुश हूं।' बता दें, विलियम्स और विल्मोर पहले स्टारलाइनर उड़ाने वाले पहले चालक दल हैं। उन्होंने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च होने के लगभग 26 घंटे बाद बोइंग अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक आईएसएस में उतारा।



### गणेश मूर्ति, भगवद गीता और अब यह..

विलियम्स पहले भगवान गणेश की मूर्ति और भगवद गीता को अंतरिक्ष में ले जा चुकी हैं। अब यह उनकी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। जब वह अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची तो कुछ खास अंदाज में नजर आई। वह अंतरिक्ष पहुंचते ही खुशी से झूमती दिखीं। उन्होंने इस दौरान नृत्य भी किया और आईएसएस पर सवार सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। विलियम्स और विल्मोर का स्वागत घंटी बजाकर किया गया, जो एक पुरानी आईएसएस परंपरा है। वहीं, अपने नृत्य पर सुनीता ने कहा कि चीजों को आगे बढ़ाने का यही तरीका है।

## पांच दिवसीय नवकुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ



गुफामंदिर में 11 जून से प्रारंभ होने वाले पांचदिवसीय नवकुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ एवं रासलीला मंचन व संत सम्मेलन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान महन्त श्री रामप्रवेशदास जी त्यागी महाराज की उपस्थित में यज्ञ की भव्यता और दिव्यता के साथ सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से क्रियान्वित हो और श्रद्दालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसकी विस्तृत चर्चा की।



कोह ए फिजा स्थित सिरिन नदी में पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में झील संरक्षण के कार्यक्रम के तहत सामूहिक श्रमदान किया इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण, एमआईसी सदस्य श्री रविंद्र यति, पार्षद प्रियंका मिश्रा, पार्षद विनीत सोनी, अपर आयुक्त टीना यादव एवं जन समुदाय उपस्थित रहे

### बिजली कंपनी के पास न पर्याप्त अमला न मेंटेनेंस के लिए उपकरण

# अब मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति, प्री मानसून के दौरान झटका देगी बिजली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहरवासियों को प्री मानसून के दौरान बिजली का झटका लगना तय है क्योंकि बिजली वितरण कंपनी ने बीते साल बिगड़ी व्यवस्था से सबक नहीं लिया। मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति की गई। पूरा जोर पेड़ों की छटाई तक ही सीमित रहा। जिसके कारण शहर में बिजली के पोलों पर लदा अन्य तालों का दबाव कम नहीं कर सकें। उन्हें अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने का काम भी नहीं हुआ। जिन क्षेत्रों में तार झूले हुए हैं, उन्हें ठीक नहीं किया गया। झूके हुए पोलों की जगह दूसरे नहीं लगाए गए।

### ट्रांसफार्मर के पास उपकरण खुले, बारिश की बूंद पड़ते ही होंगे बंद

शहर में लगे 50 प्रतिशत ट्रांसफार्मरों के पास लगे उपकरण खुले हैं। इनके लिए जो बॉक्स निर्धारित है, उनमें गेट ही नहीं है। इन पर बारिश की बूंद पड़ते ही इनका बंद होना तय है।



### जो है वे भी आउटसोर्सकर्मी

हालांकि कंपनी अमला कम होने की बात शुरु से अब तक मानने के लिए तैयार नहीं है, इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। कंपनी के दावे के मुताबिक उसके पास जो अमला है वह आउटसोर्स कर्मी है, जिन्हें पास न तो अनुभव है और नहीं उच्च दर्जे के प्रशिक्षण व पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र। जबकि बिजली वितरण और मेंटेनेंस व्यवस्था में दक्ष कर्मियों का होना बहुत जरुरी माना गया है।

### सरकार नहीं दे रही इस ओर ध्यान

उपभोक्ताओं से सीधे जुड़े मामले में सरकार का बिल्कुल भी ध्यान नजर नहीं आ रहा है। यहां तक कि उर्जा मंत्री की ओर से भी कंपनी के लिए बुनियादी व्यवस्थाओं पर जोर नहीं दिखता। कंपनी अपने स्तर पर जो काम कर रही है, वहीं तक सीमित है। जिसकी वजह से उपभोक्ता भारी परेशान होते है।

### अमला भी नहीं बढ़ाया

बीते वर्ष जब प्री मानसून के दौरान बारिश और तूफान आया तो एक झटक में बिजली व्यवस्था तहस–नहस हो गई। कुछ क्षेत्रों में तो यह व्यवस्था दो से आठ घंटे में बहाल कर दी गई लेकिन कुछ क्षेत्रों में दो–दो दिन तक लोगों को परेशान होना पड़ा। इसके पीछे एक बड़ा कारण कंपनी के पास पर्याप्त अमला नहीं होना भी सामने आया। विशेषज्ञों के मुताबिक इसके बावजूद कंपनी ने शहर में उपभोक्ताओं के अनुपात में अमला नहीं बढ़ाया। अब यदि इस वर्ष भी यह स्थिति बनती है तो लोगों को इसी तरह परेशान होना पड़ सकता है।

## बिना फिटनेस, नंबर प्लेट दौड़ रहे डंपर, कलेक्टर-परिवहन आयुक्त को जांच के निर्देश



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल जिले के बैरसिया रोड़ पर डंपरों के बिना फिटनेस और नंबर प्लेट के तेज रफ्तार से चलाए जाने का मामला मप्र मानव अधिकार आयोग तक पहुंचा है। मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने कलेक्टर एवं क्षेत्रिय परिवहन आयुक्त को जांच के निर्देश दिए है। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि बिना फिटनेस और नंबर प्लेट के तेज रफ्तार दौड़ाए जा रहे डंपर आम लोगों के लिए यह डंपर खतरनाक साबित हो रहे हैं। आए दिन इन डंपरो से कई सड़क दुर्घटनाये हो रही है। डंपरों पर न ही नंबर प्लेट लगी हुई है और न ही ब्रेक लाइट और इंडिकेटर लाइट ऑन रहती है।

### शराब पीकर टैक्टर पर हुड़दंग

भोपाल जिले के कोलार रोड़ पर नयापुरा क्षेत्र की शराब की दुकान के सामने कुछ युवाओं द्वारा शराब पीकर टैक्टर पर हुड़दंग करने का मामला सामने आया है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं।

### फुटपाथ पर रोज रात्रि में लग जाता है हाट बाजार

भोपाल शहर के अरेरा हिल्स स्थित सतपुड़ा भवन के सामने वाले फुटपाथ पर रात्री होने के बाद सब्जी एवं फलों के हाट ठेले लग जाते है। भवन के सामने बना हुआ फुटपाथ रोज शाम को सब्जी मंडी में तब्दील हो जाता है। इस कारण वहां रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थित बन जाती है। आयोग ने कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर निगम, भोपाल से मामले की जांच कराकर इस सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। साथ ही क्या उक्त स्थान पर रात्रि में हाट बाजार लगाये जाने की अनुमति शासन द्वारा दी गई है ? यदि नहीं तो इस सम्बन्ध में की गई कार्रवाई को स्पष्ट प्रतिवेदन मांगा है।

### ज्वाला कान्वेंट में समर कैंप का समापन

**हिरदाराम नगर।** ज्वाला कान्वेंट स्कूल में चल रहे समर कैंप का गुरूवार को रंगारंग कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। स्कूल के प्राचार्य राज बतरा, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश रायचंदानी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। कैंप में इंग्लिश राइटिंग, डांस, पेंटिंग , लीग्राफी ,कंप्यूटर मेहंदी ,पेंटिंग ,ड्राइंग, इंग्लिश स्पोकन, क्राफ्ट, वेस्ट चीजों को बेस्ट बनाना पार्लर का हुनर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की भारती चंदनानी ने किया।

## पर्यावरण दिवस पर किया छात्राओं ने पौधा रोपण




**हिरदाराम नगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया। पार्षद अशोक मारण के सहयोग से विसर्जन घाट पर पौधे रोपे गए। छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में भी पौधा रोपण किया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रिया बुधानी एवं एनएसएस प्रमुख डॉ. राखी श्रीवास्तव के निर्देशन में किया।

### इन मामलों में भी जवाब तलब



भोपाल के शाहापुरा में स्थित प्रशासन अकादमी के मोड़ के पास आये दिन एक्सीडेंट की घटनाएं होने, भोपाल शहर के दस नंबर मार्केट स्थित सराफा बाजार में पेड़ की डाल टूटकर उसमें दो लोगों की दबने से मृत्यु होने की घटना, कोलार रोड़ स्थित गुड शेफर्ड-दानिशकुंज के मेन गेट के पास सिक्सलेन सड़क पर बनी डक्ट धंसने, शहर के वार्ड नं.-64 स्थित सोनागिरी सी-सेक्टर क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट के पिछले 13 दिनों से बंद होने वत्रऔर असामाजिक तत्व का जमावड़ा लगने और कटारा हिल्स इलाके में स्टॉप डैम में एक युवक की डूबने से मृत्यु होने के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

**मेट्रो एंकर**

### मंदिरों में हुई विशेष पूजा अचर्ना हुई, सुंदर कांड पाठ

# शनि जयंती पर संतनगर में तेलाभिषेक, भंडारे हुए

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में शनि जयंती पर तेलाभिषेक, विशेष पूजा अर्चना एवं भंडारे के आयोजन हुए। संगीतमय सुंदर कांड का पाठ भी हुआ। सिद्ध शनैश्चर देवस्थान कम्युनिटी हाल के पास, संजय कॉलोनी में शनि जयंती मनाई गई। सुबह 5.30 बजे श्री शनि तिलाभिषेक किया गया, इसके बाद श्री शनि महाआरती एवं श्री शनि महायज्ञ हुआ। दोपहर में आम भण्डारा हुआ। शाम महाआरती के साथ शनि जयंती का समापन हुआ।

बजरंग सेना समिति ने हनुमान मंदिर, हलालपुर में शनि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। महंत शिवा भारती एवं समिति अर्चक पुरोहित राज कुमार गर्ग के सानिध्य में वेद मंत्रों का उच्चारण कर सरसों के तेल एवं काली तिल से शनि अभिषेक किया गया। समिति अध्यक्ष





कमलेश देवानी ने कहा कि हर शनिवार को सरसों का तेल एवं काली तिल से शनि महाराज जी का अभिषेक करें एवं काली तिल के साथ साथ जूते या चप्पल का भी दान किसी जरुरतमंद को जरुर करें। अंत में हथप्रसादी वितरण किया गया।

अभिषेक करने वालो में बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, सलाहाकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव राजेश केवलानी, सचिव गुरदास रामचंदानी, वासुमल देवानी, जीतू शिवनानी, जगदीश, राजकुमार, शर्माजी उपस्थित थे। शनि मंदिर धाम समिति ने सीहोर नाका पर शनि जयंती पर भंडारे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। सुंदरकांड की प्रस्तुति ग्राम पिपलिया धाकड़ की समिति ने की। आयोजन में समिति के संयोजक सन्नी जोशी, रमन जोशी, मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने रीझवानी के निधन पर शोक जताया

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी के निधन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दुःख व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने रीझवानी परिवार को भेजे अपने शोक संदेश में में कहा है कि में आपके दुःख में सहभागी हूं। भगवान महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शान्ति और उनके परिजन, मित्रजन और समस्त बंधुओं को यह असीम दुख सहन करने का सामर्थ्य दे।

# अभिभावकों को मनमानी से बचाने तैयारी, लेकिन समस्या दर्ज कराने नहीं है हेल्पलाइन

**कल तक देनी है फीस की डिटेल, 30 तक कार्रवाई राहत देने कार्रवाई लेकिन वे कहा करें शिकायत**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फीस से लेकर किताब कॉपियों तक निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को बचाने कार्रवाई की तैयारी है। इसके लिए टीमें भी गठित हो गई लेकिन अभिभावकों की शिकायतों को दर्ज करने व्यवस्था नहीं हो पाई। अभी ऐसा कोई हेल्पलाइन नंबर जारी नहीं हुआ जहां अभिभावक अपनी परेशानी बता सकें। राजधानी के निजी स्कूलों में फीस से लेकर किताबों की मनमानी से कई अभिभावक परेशान हैं। मामले में कार्रवाई की बात कही जा रही है। सबसे पहले उन स्कूलों पर शिकंजा कसा जाएगा जिनके खिलाफ शिकायतें हैं। साथ ही नए मामलों की भी जांच होना है। अभिभावक संघ के प्रबोध पांडे ने बताया कि कई अभिभावक एकजुट नहीं हो पाते। जिसके चलते कार्यालय पहुंच शिकायतें नहीं हो पाती। ऐसे में अगर हेल्पलाइन जैसी सेवा शुरू जाए तो बेहतर होगा। इससे पहले जो व्यवस्था हुई थी वह ठप है।

### राजधानी में डेढ़ सौ स्कूल, शुरू होने लगी तैयारी

राजधानी में डेढ़ सौ से ज्यादा सीबीएसई स्कूल हैं। एक अप्रेल से इनमें शिक्षण सत्र शुरू हुआ था। एक माह कक्षाएं लगने के दौरान कई मामले सामने आए। इस पर आठ स्कूलों को नोटिस जारी किए गए थे लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। अब 15 जून के बाद स्कूल खुलने की तैयारी शुरू हो गई है।

### 8 जून तक देनी है फीस की डिटेल, 30 तक कार्रवाई

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के तहत 8 जून तक निजी स्कूलों की अपनी फीस की पूरी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना है। इसके बाद तीस जून तक अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायतों की सुनवाई और उन्हें दर्ज कराने की व्यवस्था है। इसके आधार पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए तैयारी चल रही है।

# मंत्री, विधायकों के लिए 3 हजार करोड़ से नए आवास बनाएगी सरकार

**सिंहस्थ पर 4 हजार 700 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मंत्री और विधायक लग्जरी आवास में रहेंगे। सरकार इनका निर्माण करेगी। इस पर 3 हजार करोड़ रुपये खर्च आएगा। ये तुलसी नगर क्षेत्र में बनाए जाएंगे। अभी इसी क्षेत्र में ज्यादातर मंत्रियों के आवास है। कई विधायक भी इसी क्षेत्र में रहते हैं, लेकिन इसमें एक बात अलग होगी, जो यह है कि अभी प्रत्येक आवास अलग है नए आवास मल्टी प्रोजेक्ट में होंगे। नोडल एजेंसी गृह एवं अधोसंरचना विकास मंडल होगी। उक्त प्रोजेक्ट को समय सीमा में करने के लिए गुरुवार नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने समीक्षा की और गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त को निर्देश दिए। वहीं सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को भी लगभग अंतिम रूप दिया जा रहा है। सिंहस्थ पर 4 हजार 700 करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी है। यह राशि पूंजीगत विकास के नाम पर खर्च की जानी है। ये काम उज्जैन समेत आसपास के जिलों के निकायों में होंगे।

**शहर वन के लिए नगरीय निकायों को मिलेंगे 2–2 करोड़**

प्रत्येक नगरीय निकायों में नगर वन विकसित किए जाएंगे। सरकार इसके लिए प्रत्येक निकाय को 2-2 करोड़ रुपये देगी। इस राशि से नगरीय निकाय उद्यान विकास के साथ-साथ खुद की नर्सरी भी तैयार करनी होगी। इस काम में जन-सहभागिता से स्मृति-वन विकसित करने होंगे।



## जल संरक्षण अभियान

# जलस्त्रोतों के आसपास पौधारोपण होगा, बारिश से पहले तालाबों का गहरीकरण

**भोपाल/पन्ना, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार द्वारा शुरू किये गये जल संरक्षण अभियान को सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्रों में भी अपनाया गया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्त्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई के साथ-साथ इन स्थानों पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश में अभियान अवधि में 5 करोड़ 50 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य है, संपूर्ण प्रदेश में जन भागीदारी से पौधे लगाए जाएंगे। जल-गंगा संवर्धन अभियान, गंगा दशमी के बाद भी जारी रहेगा, सभी स्थानीय निकाय अपने-अपने स्तर पर अभियान संबंधी गतिविधियां संचालित करेंगे। हरियाली अमावस्या के बाद सघन रूप से पौधरोपण की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने भोपाल में छोटे तालाब की साफ-सफाई के लिए नगर निगम भोपाल द्वारा जन-भागीदारी से चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में वॉटर स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### 'मध्यप्रदेश नदियों का केन्द्र बिन्दु'

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नदी, पर्वत और पृथ्वी में जीवन माना गया है। मध्यप्रदेश देश की नदियों का केन्द्र बिन्दु है। यहाँ से सभी दिशाओं में बहने वाली नदियों की उत्पत्ति होती है। प्रधानमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना को मूर्तरूप देते हुए केन-बेतवा लिंक परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर राज्य सरकार को 45 हजार करोड़ तथा उत्तरप्रदेश सरकार को 45 हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराये हैं। इस परियोजना से शूरवीरों की धरती बुंदेलखंड को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और वहाँ जीवन सरल होगा।

### 100 से भी ज्यादा पुराने तालाबों का गहरीकरण

भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना में जल संरक्षण के लिए तालाबों के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए तालाबों के गहरीकरण का शुभारंभ पार्टी कार्यालय के पास बने तालाब से किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पूरे पन्ना में 100 से भी ज्यादा पुराने तालाबों का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नगर पालिका ,शहर की जनता के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग तालाबों का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण मिलजुलकर करेंगे,ताकि पानी की कमी यहां नहीं रह सके और पूरा शहर की खूबसूरती को देखने लोग आए। शर्मा ने कहा कई सालों पहले यहां के लोगों ने जो तालाब बनाए थे उसके चलते हमे परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम जल संरक्षण के लिए आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ करे।



# दिव्यांग और बुजुर्ग घर बैठे अपडेट करा सकेंगे अपना आधार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**


**यूआइडीएआइ ने शुरू की नई सेवा, 700 रुपये की फीस चुकाना होगी**

अब दिव्यांग और बुजुर्ग घर बैठे अपना आधार अपडेट करा सकेंगे। जिसके लिए यूआइडीएआइ ने नई सेवा शुरु कर दी है। ऑनलाइन रिक्वेस्ट करने पर नजदीकी आधार सेवा केंद्र का कर्मचारी घर आकर आधार अपडेट करेगा, हालांकि इसके लिए आवेदक को 700 रुपये की फीस चुकाना पड़ेगी। दरअसल, दिव्यांग और बुजुर्ग अपने आधार को अपडेट कराने के लिए केंद्रों तक नहीं जा पाते हैं। जिसकी वजह से दिव्यांग और बुजुर्गों के आधार अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। इसको देखते हुए यूआइडीएआइ ने यह सेवा शुरु की है। ऑनलाइन आवेदन करने के साथ ही आधार सेवा केंद्र का कर्मचारी घर पहुंचकर बायोमेट्रिक सहित आधार से जुड़े नाम, पता सहित अन्य जानकारी अपडेट कर सकेगा।

# एमपीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2021 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। आयोग ने मार्क लिस्ट के साथ-साथ फाइनल सिलेक्शन लिस्ट भी जारी कर दी है। लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के समाप्त होने के बाद रिजल्ट जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में अंकिता पाटकर ने पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे नंबर पर अमित कुमार सोनी, तीसरे नंबर पर पूजा चैहान, चैथ नंबर पर मनीषा जैन, वहीं पांचवा स्थान प्रियंक मिश्रा ने हासिल किया है। टॉप 10 में कुल 7 महिलाएं शामिल हैं। वहीं डिप्टी कलेक्टर के कुल 24 पद में 12 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा टॉप 10 में प्रियल यादव, अशिमा पटेल, रितू चौरसिया, श्रीजन श्रीवास्तव, ज्योति राजौरे के नाम शामिल हैं।




**मेट्रो एंकर** दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विवि के लिए एनआईटीटीटीआर ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# संस्कृत केवल भाषा नहीं अपितु भारतीय ज्ञान पद्धति का विशाल भंडार: प्रो. प्रतीक शर्मा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) द्वारा दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डी.टी.यू.) के संकाय सदस्यों के लिए एडवांस पेडागोजी एवं आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डी.टी.यू के कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा ने किया।



उद्घाटन सत्र में प्रो. शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को शिक्षण के साथ-साथ अपने नॉलेज को भी अपडेट करना होता है। इसलिए समय समय पर फैकल्टी की ट्रेनिंग अनिवार्य है। उन्होंने कहा की संस्कृत केवल भाषा नहीं अपितु भारतीय ज्ञान पद्धति का विशाल भंडार है, जिसमें विज्ञान, गणित, प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति समाहित हैं। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अंतर्गत तैयार कर क्रियान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में एडवांस पेडागोजी, आउटकम बेस्ड एजुकेशन एवं एन.बी ए एक्रीडेशन पर विभिन्न सत्र आयोजित किये गये। प्रशिक्षणार्थियों को सुधार हेतु फीडबैक प्रदान किया गया एवं अचीवमेंट टेस्ट भी लिया गया।

## संपादकीय

### नई अपेक्षाएं

देश में चुनाव हो चुके हैं, नतीजा भी आ चुका है और सरकार के गठन की प्रक्रिया भी जारी है खास बात यह है कि जब सरकार कामकाज संभालेगी तो वह राजनीतिक मोर्चे पर भले ही दुविधा में रहे लेकिन आर्थिक मोर्चे पर अपने को बहुत ज्यादा सहज स्थिति में पाएगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा पिछले हफ्ते जारी आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है और सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 फीसदी की बढ़त हुई है, जबकि पिछले साल इसमें 7 फीसदी की बढ़त हुई थी। इसका मतलब है कि अर्थव्यवस्था पिछले तीन साल में लगातार 7 फीसदी या इससे ज्यादा की दर से आगे बढ़ी है। रिजर्व बैंक सहित कई अनुमानों से पता चलता है कि मौजूदा साल में भी वृद्धि दर 7 फीसदी के आसपास रह सकती है। खास बात यह है कि सरकार के राजकोषीय मजबूती की तरफ कदम बढ़ाने के बावजूद अर्थव्यवस्था अच्छी दर से आगे बढ़ रही है। पिछले हफ्ते आए वित्तीय आंकड़ों से पता चलता है कि कर संग्रह में अच्छी बढ़त की वजह से वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 5.6 फीसदी पर है, जबकि अंतरिम बजट के संशोधित अनुमानों में इसके 5.8 फीसदी तक रहने की बात कही गई थी। आर्थिक वृद्धि और राजकोषीय स्थिति के अलावा अगली सरकार को इस तथ्य से भी राहत मिलेगी कि महंगाई के मोर्चे पर हालत में सुधार हो रहा है, हालांकि समग्र महंगाई दर अब भी भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य से ऊपर है। मगर बैंकों और कॉरपोरेट का बहीखाता मजबूत है। विदेशी मुद्रा भंडार भी सहज स्थिति में है। पिछले कई वर्षों में व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के नीतिगत प्रयास सफल रहे हैं और हालत 10 साल पहले से काफी अलग है, जब राजग सरकार ने पहली बार कार्यभार संभाला था। भारतीय अर्थव्यवस्था के कई तरह के दबावों से जूझ रही थी। वैसे तो जीडीपी डिफ्लेटर और रियल व नॉमिनल ग्रोथ में अंतर के बारे में कुछ सवाल उठे हैं। कुल मिलाकर देखें तो देश की आर्थिक मजबूती को सभी स्वीकार कर रहे हैं। नॉमिनल जीडीपी के हिसाब से देखें तो हमारी अर्थव्यवस्था पिछले वित्त वर्ष में 9.6 फीसदी बढ़ी है, जबकि इसके एक साल पहले इसमें 14.2 फीसदी बढ़त हुई थी। इसके अलावा, यह स्वीकार करना भी अहम होगा कि कोविड महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार काफी हद तक ऊंचे सरकारी खर्च की बदौलत हुआ है, जिस पर आगे अंकुश लगाने की जरूरत होगी, जब सरकार राजकोषीय मजबूती की दिशा में और कदम बढ़ाएगी। हालांकि मौजूदा वर्ष में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं होगा, यह देखते हुए कि रिजर्व बैंक उम्मीद से बहुत ज्यादा अधिशेष हस्तांतरण करने जा रहा है। इसलिए इस तरह की सहज स्थिति को देखते हुए नई सरकार के लिए यही बेहतर होगा कि वह जुलाई में पेश होने वाले बजट में राजकोषीय मजबूती पर आगे बढ़ते हुए इसे जीडीपी के 3 फीसदी या कम पर लाने का एक संशोधित क्रमिक मार्ग पेश करे। इससे बाजार का भरोसा बढ़ेगा और निजी निवेश में सुधार लाने में मदद मिलेगी। मध्यम अवधि के लिए निजी निवेश में सुधार अर्थव्यवस्था में तरक्की का सबसे अहम कारक होगा और अगली सरकार को इस पर खास जोर देना चाहिए। कहा जा सकता है कि नई सरकार को तत्काल व्यापार नीति सहित कई स्तरों पर नीतियों की समीक्षा और बदलाव की जरूरत तो होगी ही।

# जनता चाहे कि सुनी जाए उसके भी मन की बात, पर नेता कर जाते हैं चूक

■ शंकर अय्यर



लोकतंत्र का जादू 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों में अभिव्यक्त हुआ है। यह जनादेश दरअसल एक ऐसे अभियान से उपजी आशंकाओं का प्रतिबिंब है, जो विचारों पर कम और पहचान व विचारधारा पर अधिक केंद्रित रहा। यह जनादेश कई अनुभवों का मिला-जुला रूप है। इसमें उन माता-पिता के अनुभव शामिल हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए, फिर भी अपने बच्चों को नौकरी के लिए संघर्ष करता हुआ देख रहे हैं। उन लोगों का अनुभव, जिन्होंने महामारी के दौरान अपने प्रियजनों को खो दिया। उन लोगों का अनुभव, जो सब्जियों व ईंधन की बढ़ती कीमतों के बावजूद सीमित आय से अपना घर चलाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। उन किसानों का अनुभव जो खेती की बढ़ती लागत और खेतों से होने वाली आय में गिरावट का सामना कर रहे हैं और उन भाई-बहनों का अनुभव भी शामिल है, जो पेपर लीक का शिकार हुए।यह जनादेश राजनेताओं को अंतर्दृष्टि देता है, तो सवाल भी पूछता है। चुनाव अभियान के दौरान तीन बच्चों की मां ने पूछा, 'क्या मुझे इस तथ्य पर वोट देना चाहिए कि डेढ़ हजार रुपये मेरे खाते में आ रहे हैं, या इस पर कि मेरा बेटा व बेटी दोनों बेरोजगार हैं।' देश की जनता ने एक शानदार फैसला सुनाया है। वर्ष 2004 में चुनावी नतीजों के तुरंत बाद लालकृष्ण आडवाणी ने जनादेश की राज्य के जनादेशों के सामूहिकीकरण के तौर पर परिभाषित किया था। इस तरह से देखें, तो 2024 के चुनावी नतीजे एक तरह से आय के पिरामिड के सबसे निचले स्तर पर स्थित लोगों की, जो सरकारी योजनाओं पर निर्भर भी हैं, गंभीर हताशाओं के समूह भी हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किया और कई राज्यों ने भी महिलाओं की आय में मदद करने वाली योजनाएं शुरू कीं। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल योजना, सबसे बड़ा किसान सहायता कार्यक्रम, सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और सब्सिडी वाली आवास योजना चलाता है।

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल-सबसे ज्यादा सीटों वाले जिन राज्यों के नतीजों में भाजपा की संख्या में गिरावट दिखी, वह दरअसल यहां के उन लोगों की अधूरी इच्छाओं का समूह ही है, जो आजीविका कमाने की अपनी क्षमता में सम्मान और पहचान चाहते हैं। पिछले तीन साल में हुए हर जनमत सर्वे में बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को रेखांकित किया गया। भाजपा ने विभिन्न स्रोतों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया और तर्क दिया कि नौकरियां पैदा हो रही हैं। नौकरियां पैदा हो रही हैं, इससे कोई इन्कार नहीं है, लेकिन उसी तरह इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि जो नौकरियां हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। सबसे बुरी बात यह है कि केंद्र व राज्यों में तीस लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली हैं, जो बेरोजगारी को लेकर तमाम शिकायतों के बावजूद भरे नहीं गए हैं। आय व रोजगार क्षेत्र की कमजोर वृद्धि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों में भी दिखती है। यह सच है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। यह भी सच है कि इस वृद्धि ने बीते मई में शेयर बाजार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। लेकिन यह भी सच है कि जब हमारी अर्थव्यवस्था आठ फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ रही है, निजी अंतिम खपत, जो उपभोक्ताओं की उपभोग करने की क्षमता और इच्छा की माप है, महज चार फीसदी की दर से बढ़ रही है।

यह समृद्धि और अभाव के बीच के अंतर का प्रतिबिंब है। भारत के लिए चुनौतियों और अवसरों को रेखांकित करने वाला महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि देश का 45 फीसदी कार्यबल कृषि में लगा है और यह इतनी बड़ी आबादी राष्ट्रीय आय के महज छठे हिस्से पर निर्भर है। यह वास्तविकता राज्यवार वास्तविक प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों में परिलक्षित होती है। तेलंगाना की प्रति व्यक्ति आय तीन लाख रुपये से ज्यादा है, जबकि उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 80 हजार रुपये से कम, तो बिहार की 55 हजार रुपये से भी कम है। जिलेवार आंकड़ों में यह अंतर अधिक स्पष्ट होता है। बिहार के शिवहर में प्रति व्यक्ति आय 18,692 रुपये है। एक के बाद एक आने वाली सरकारों ने कृषि में संलग्न लोगों को बेहतर आय वाली नौकरियों में स्थानांतरित करने के लिए नौकरियां पैदा करने के पवित्र वादे तो किए, लेकिन वे सभी पूरे नहीं हुए। ऐसे में, ताजा चुनावी नतीजे सरकारों को याद दिलाते हैं कि मतदाता बदलाव के लिए धैर्य रख सकते हैं, लेकिन उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। चुनाव से कुछ समय पहले एक बुजुर्ग की एक टिप्पणी मुझे याद आ रही है। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या '400 पार' की कहानी असली है? उन्होंने जवाब के लिए इंतजार नहीं किया और कहा कि विपक्षी दल इस सरकार को नहीं हरा सकते, लेकिन देश की जनता को हल्के में मत लीजिए, वह सही समय पर बोलेगी।

लोगों ने दरअसल जो दिख रहा था और राजनीतिक दलों की जो मंशा थी, उस पर बात की। दिवंगत अरुण जेटली ने कहा था कि चुनाव केवल %गणित% नहीं, बल्कि %केमिस्ट्री% के बारे में भी होते हैं। इस चुनाव में कई राजनीतिक दल केमिस्ट्री को भूलकर जाति और नकद के गणित का सहारा लेने में लगे रहे। फैजाबाद के रूप में भाजपा को वह सीट खोनी पड़ी, जहां अयोध्या स्थित है। यह बताता है कि केवल आस्था नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य की आशा है, जो ईवीएम पर बटन दबाती है। राजनीतिक दलों ने दूसरे दलों व नेताओं के बीच केमिस्ट्री के बारे में बात तो की, लेकिन लोगों के साथ बेहतर केमिस्ट्री बनाने में चूक की। यह जनादेश जनमत की व्यापक लामबंदी और संगठनात्मक ताकत के बारे में भी है। जमीनी स्तर पर राजनीतिक दलों ने चतुर चालें चलों तो गलतियां भी कीं। चुनाव का विश्लेषण होगा, तो जातियों, प्रत्याशियों और साजिशों पर भी बात होगी। लेकिन सबसे ज्यादा मायने रखती है राजनीतिक दलों की अपनी शिकायतें सुनने और उनके समाधान ढूंढने की क्षमता। जनता बड़े-बड़े दावे नहीं सुनना चाहती, वह तो सिर्फ यह चाहती है कि उसकी भी सुनी जाए और यही इस जनादेश का सबसे बड़ा सबक है।

**– साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# जलवायु परिवर्तन से बढ़ा एयर टर्बुलेंस का खतरा

■ मुकुल व्यास

हाल ही में आकाश में दो विमानों को टर्बुलेंस (वायुमंडलीय अस्थिरता) का सामना करना पड़ा। लंदन से सिंगापुर जाने वाली सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में तीव्र टर्बुलेंस से एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई और कई अन्य बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना के कुछ दिन बाद ही दोहा से डबलिन जा रहे कतर एयरवेज के विमान में टर्बुलेंस आने से 12 लोग घायल हो गए। सिंगापुर एयरलाइंस के विमान में आई भीषण टर्बुलेंस की शुरुआती जांच से पता चला है कि विमान 4.6 सेकंड में लगभग 54 मीटर नीचे गिर गया था। सिंगापुर के ट्रांसपोर्ट सेफ्टी इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के प्रारंभिक निष्कर्षों में गुरुत्वाकर्षण बल में तेजी से परिवर्तन और ऊंचाई में गिरावट पाई गई। यह दूरी इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार की ऊंचाई के लगभग बराबर है। इस घटना में संभवतः वे लोग घायल हुए जिन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी। हवाई यात्रियों के लिए थोड़ी बहुत टर्बुलेंस एक आम अनुभव है। लेकिन हालिया स्तर की गंभीर घटनाएं दुर्लभ हैं, जब वे घटती हैं तो घातक हो सकती हैं। टर्बुलेंस हवा के अनियमित प्रवाह के कारण होती है, जिससे यात्रियों और चालक दल को अचानक साइड में और ऊपर की तरफ तगड़े झटके लगते हैं।

एयर टर्बुलेंस की घटना कहीं भी हो सकती है, लेकिन कुछ मार्गों पर यह दूसरों की तुलना में कहीं अधिक आम है। जलवायु परिवर्तन से एयर टर्बुलेंस की संभावना बढ़ने और इसके और अधिक तीव्र होने की आशंका है। वास्तव में, कुछ शोध से संकेत मिलता है कि पिछले कुछ दशकों में टर्बुलेंस की स्थिति पहले से बदतर हो गई है। लगभग हर उड़ान किसी न किसी रूप में एयर टर्बुलेंस का अनुभव करती है। यदि कोई विमान दूसरे विमान के पीछे उड़ान भर रहा है या उतर रहा है तो पहले विमान के इंजन और पंखों के सिरों द्वारा उत्पन्न हवा पीछे वाले के लिए टर्बुलेंस का कारण बन सकती है।हवाई अड्डे के पास के क्षेत्र से गुजरने वाली तेज हवाओं के कारण एयर टर्बुलेंस हो सकती है। अधिक ऊंचाई पर विमान यदि किसी अन्य विमान के करीब उड़ रहा हो या तूफान की चपेट में आया हो तो भी टर्बुलेंस की घटना घट सकती है। एक अन्य प्रकार की एयर टर्बुलेंस जो अधिक ऊंचाई पर होती है, उसका पूर्वानुमान लगाना कठिन होता है। इसे क्लियर एयर टर्बुलेंस कहते हैं। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह अदृश्य होती है। यह तूफान या बादलों जैसे किसी भी दृश्य संकेत से जुड़ी नहीं होती। नियमित टर्बुलेंस के विपरीत यह अचानक आती है और इससे बचना मुश्किल होता है। यह अक्सर गर्म हवा के ठंडी हवा की तरफ बढ़ने के कारण होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण इसके बदतर होने की आशंका है।



सबसे बुनियादी स्तर पर एयर टर्बुलेंस दो या दो से अधिक पवन संबंधित घटनाओं के टकराने का परिणाम है। ऐसा अक्सर पर्वत श्रृंखलाओं के पास होता है,क्योंकि भूभाग पर बहने वाली हवा ऊपर की ओर तेज हो जाती है। टर्बुलेंस की घटनाएं अक्सर जेट स्ट्रीम के किनारों पर भी होती हैं। जेट स्ट्रीम दरअसल दुनिया भर में ऊंचाई पर चक्कर लगाने वाली तेज हवाओं की पतली पट्टियां हैं। गति बढ़ाने के लिए विमान अक्सर जेट स्ट्रीम में यात्रा करते हैं लेकिन जेट स्ट्रीम में प्रवेश करते या छोड़ते समय कुछ टर्बुलेंस हो सकती है। अमेरिका में हर साल लगभग 65,000 विमान मध्यम टर्बुलेंस और लगभग 5,500 गंभीर टर्बुलेंस का सामना करते हैं। हालांकि यह संख्या बढ़ने वाली है। ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग में वायुमंडलीय विज्ञान के प्रोफेसर पॉल विलियम्स का मानना है कि जलवायु परिवर्तन टर्बुलेंस को बदल रहा है। विलियम्स ने कहा, हमने कुछ कंप्यूटर सिमुलेशन चलाए और पाया कि आने वाले दशकों में गंभीर टर्बुलेंस दोगुनी या तिगुनी हो सकती है। संपूर्ण विश्व में टर्बुलेंस पैटर्न का मानचित्रण करना संभव है। वैकल्पिक हवाई अड्डों या आपात स्थितियों के लिए अग्रिम योजना बनाने के लिए एयरलाइंस इन मानचित्रों का उपयोग करती हैं। मौसम की स्थिति के साथ टर्बुलेंस बदलती है। कुछ क्षेत्रों और मार्गों पर दूसरों की तुलना में इसका खतरा अधिक होता है। टर्बुलेंस वाले अधिकांश मार्ग पहाड़ों के करीब से गुजरते हैं।

पिछले साल प्रकाशित एक अध्ययन में 1979 और 2020 के बीच क्लियर टर्बुलेंस में बड़ी वृद्धि का प्रमाण मिला। कुछ स्थानों पर गंभीर टर्बुलेंस में 55 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।वर्ष 2017 में एक अलग अध्ययन में जलवायु मॉडलिंग का उपयोग करके यह अनुमान लगाया गया कि कुछ जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों के तहत, 2050 तक क्लीयर एयर टर्बुलेंस में चार गुना वृद्धि आम हो सकती है। टर्बुलेंस का पता लगाने की तकनीक अभी भी अनुसंधान और विकास के चरण में है। इसलिए पायलट अपने उड़ान पथ से ठीक पहले उच्च स्तर की नमी वाले मौसम से बचने की कोशिश करते हैं। इसके लिए वे सर्वोत्तम योजना निर्धारित करने के लिए मौसम राडार से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हैं। जब उन्हें अत्यंत तीव्र टर्बुलेंस का सामना करना पड़ता है, तो वे तुरंत सीट बेल्ट बांधने के संकेत चालू कर देते हैं और विमान को धीमा करने के लिए इंजन का जोर कम कर देते हैं। भू-आधारित मौसम विज्ञान केंद्र उपग्रहों की सहायता से मौसम के मिजाज को विकसित होते हुए देख सकते हैं। वे वास्तविक समय में उड़ान कर्मियों को यह जानकारी दे सकते हैं कि उनकी उड़ान के दौरान मौसम कैसा रहेगा। यदि अपेक्षित उड़ान मार्ग पर तूफान विकसित होता है तो इसमें अपेक्षित टर्बुलेंस के क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं। ऐसा लगता है कि दुनिया और अधिक टर्बुलेंस वाले समय की तरफ बढ़ रही है। एयरलाइंस विमानों और यात्रियों पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। लेकिन आम हवाई यात्री के लिए खास संदेश यह है कि वे सीट बेल्ट बांधने के निर्देश की अनदेखी न करें।

**–साभार: लेखक विज्ञान मामलों के जानकार हैं।**

बुरी स्मृतियों को उधेड़ने की जगह, नई स्मृतियों को बुनना शुरू कीजिए

## निशाना

### बढ़ी पद की मांग !



**– कृष्णेन्द्र राय**

शुरू हुआ फिर खेल ।  
बढ़ी पद की मांग ।।  
सहयोगी अभी से ।  
लगे करने स्वांग ।।  
हैं आगे कई साल ।  
होंगे कैसे काम ।।  
टांग खींचने वाले ।  
और भी तमाम ।।  
आए करने सेवा पर ।  
नज़र में मलाई ।।  
है तस्वीर साफ़ ।  
ऐसी घड़ी आई ।।  
मच गई है होड़ ।  
हमको ये मिल जाए ।।  
होगा देना ध्यान ।  
पद ये बड़ा ललचाए ।।

## आज का इतिहास

- 1099 फर्स्ट क्रूसेड के सदस्य यरूशलेम पहुँचे और फातिमा के खिलाफ शहर की घेराबंदी शुरू कर दी।
- 1494 आरागॉन के फर्डिनेंड द्वितीय और पुर्तगाल के जॉन द्वितीय ने टोर्टेसिलस की विशेषता पर हस्ताक्षर किए, अमेरिका और अफ्रीका को उनकेह्ल2श्च देशों के बीच विभाजित किया।
- 1539 चौसा के युद्ध में शेरशाह ने मुगल शासक हुमायूं को हराया।
- 1628 राइट ऑफ द पिटीशन, एक प्रमुख अंग्रेजी संवैधानिक दस्तावेज ने विषय की विशिष्ट स्वतंत्रताएं निर्धारित कीं, उन्हें प्रथम विश्व युद्ध द्वारा रॉयलएएसएससी प्रदान किया गया।
- 1654 लुई चतुर्दश फ्रांस के राजा बने।
- 1654 लुई ङ्गद्धङ्क को फ्रांस के राजा के रूप में ताज पहनाया गया था। वह एक सम्राट था और अपनी मृत्यु तक फ्रांस का राजा बना रहा। उन्हें महान राजा माना जाता था क्योंकि उनके शासनकाल के दौरान फ्रांस यूरोप में अग्रणी बन गया था। उन्होंने 72 वर्षों तक शासन किया।
- 1692 कैरिबियाई देश जमाइका के पोर्ट रॉयल में भूकंप से तीन हजार लोगों की मौत।
- 1692 पोर्ट रॉयल, जमैका में 7.5 मेगावॉट का भूकंप आया, जिसमें लगभग 2,000 लोग मारे गए।
- 1692 अनुमानित 7.5 मेगावाट के भूकंप ने पोर्ट रॉयल, जमैका को समुद्र तल से नीचे फेंक दिया और लगभग 5, 000 लोगों की मौत हो गई।
- 1769 डैनियल बून ने केंटुकी के ब्लूग्रास राज्य की तलाश शुरू की।
- 1783 आइसलैंड के लाकी क्रेटर्स ने आठ महीने का विस्फोट शुरू किया, जिससे बड़े अकाल और बड़े पैमाने पर फ्लोरीन विषाक्तता शुरू हो गई।
- 1788 ग्रेनोब्ल के नागरिकों ने शाही सैनिकों पर छत टाइलें फेंक दीं, कभी-कभी फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत के रूप में श्रेय दिया जाता है।
- 1801 पुर्तगाल और स्पेन ने बदाजोज़ की संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसके परिणामस्वरूप पुर्तगाल ने ओलिवेन्झा शहर को खो दिया।
- 1809 दुराणी साम्राज्य के शुजा शाह ने ब्रिटिशों के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1810 पत्रकार मारियानो मोरेनो ने अर्जेंटीना का फर्स्ट्व्यूपर, गज़ेटा डी ब्यूनस आयर्स प्रकाशित किया।
- 1827 यूनानी रक्षकों ने जनरल रशीद पाशा की कमान के तहत मिस्र की सेनाओं को एथेंस में आत्मसमर्पण किया।
- 1832 रिफॉर्म एक्ट यूनाइटेड किंगडम में कानून बना।
- 1839 हवाई अधिकारों का घोषणापत्र हस्ताक्षरित किया गया।
- 1862 संयुक्त राज्य और ब्रिटेन ने गुलाम व्यापार को दबाने पर सहमति दी।
- 1862 संयुक्त राज्य अमेरिका तथा ब्रिटेन दास व्यापार खत्म करने पर राजी हुए।
- 1892 मिनियापोलिस में रिपब्लिकन सम्मेलन शुरू हुआ।
- 1892 न्यू ऑरलियन्स के एक %ऑक्टरून% होमर प्लेसी को ट्रेन में %व्हाट्स-ओनली% कार छोड़ने के लिए गिरफ्तार किया गया था।
- 1893 एमके गांधी ने सविनय अवज्ञा का पहला प्रयास किया। कोशिश दक्षिण अफ्रीका में की गई थी। उस समय दक्षिण अफ्रीका भी ब्रिटिश शासन के अधीन था। लोग नस्लवाद का सामना कर रहे थे। अंग्रेजों द्वारा वंचितों को अधिकारों से वंचित कर दिया गया।
- 1898 अमेरिका की सामाजिक लोकतंत्र पार्टी ने पहला राष्ट्रीय सम्मेलन, शिकागो में रखा।

# मोबाइल, टीवी से दूर खेलों के निकट रहे बच्चे तो रहेंगे स्वस्थ



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।** जिला हॉकी संघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से गांधी मैदान पर हॉकी खेल प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। एक माह तक चलने वाले शिविर में समय-समय पर नगर के गणमान्य नागरिक भी पहुंचकर बच्चों की हौसला अफजायी कर रहे हैं। गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर खिलाडियों से मिलने गांधी मैदान पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों को निरंतर खेल के निकट रहने और मन लगाकर सीखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बच्चे अक्सर टेलीविजन, कंप्यूटर, टैबलेट और मोबाइल फोन के सामने बहुत समय बिताते हैं, ऐसी मुद्रा में बैठते हैं जो स्वस्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि खेलों में शामिल होने से स्वस्थ जीवन शैली बनती है और आप स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से न सिर्फ व्यक्ति स्वस्थ रहता है बल्कि आजकल इसमें कॅरियर की बहुत संभावनायें बन रही हैं। इस अवसर पर कोच कन्हैया गुरयानी के साथ वरिष्ठ खिलाड़ी दीप सिंह ठाकुर, मयंक जेम्स सहित अन्य युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

# सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर बृहस्पतिवार को वट सावित्री व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना की। सबसे पहले वट वृक्ष को हल्दी का लेप लगाया। फिर पीला धागा को लपेटते हुए सात बार परिक्रमा की। इसके बाद जल अर्पण किया। पूजन के बाद महिलाओं ने व्रत को खोला। वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अमिता शर्मा ने बताया कि मान्यता के अनुसारधार्मिक मान्यता के अनुसार, बरगद के पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का वास होता है। इस पेड़ की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है, क्योंकि बरगद के पेड़ की आयु बहुत लंबी होती है। इसलिए इसे अक्षय वृक्ष भी कहा जाता है।

बहुत से लोग ये भी मानते हैं कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के जितना होता है। इस अवसर पर श्रीमती संगीता मिश्रा, श्रीमती निशा शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा आदि सुहागिनों ने एकत्रित होकर वट वृक्ष की पूजा की।

# डीएफओ की बीट में जांच के दौरान लाखों की चोरी और पेड़ कटाई का मामला आया सामने



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** बानापुरा रेंज के बीट नापुपूरा में हाल ही में बड़े पैमाने पर चोरी और पेड़ कटाई का मामला सामने आया है। पिछले हफ्ते नवागत युवा डीएफओ मयंक सिंह गुर्जर ने बानापुरा रेंज के नापुपूरा की बीट में लगभग 5 से 6 घंटे तक गहन जांच की। जांच में कंपाउंड नंबर 445 में हुए प्लांटेशन में तार और जाल की चोरी की पुष्टि हुई है। इसके अलावा, बीट में पेड़ों की कटाई भी पाई गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दो प्लांटेशन क्षेत्रों में तार और जाल की चोरी की गई है, जिससे लाखों रुपए की क्षति हुई वन विभाग को हुई है। डीएफओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से बात की है और जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में बानापुरा रेंजर ने बताया कि मामला गंभीर है और इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द ही पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की जा रही है और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। फिलहाल इस घटना से स्थानीय वन विभाग में हड़कंप मच हुआ है।

सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र हो या फिर बानापुरा वन परिक्षेत्र हो नापुपूर के वन परिक्षेत्रमें लगभग आज से 2 साल पहले का यहा चोरी का मामला सामने आया है जब से ना तो इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की और ना ही वन विभाग ने कभी शक्ति के साथ इस मामले को गंभीरता से लिया बावजूद उसके बानापुरा रेंज के अधिकतर वन क्षेत्र में मोबाइल का नेटवर्क नही मिलने से वन कर्मचारी अपनी नौकरी को मन माफी करते हैं। और जंगल की अवैध कटाई हो जाती है जिससे उनकी बड़ी लापरवाही सामने आती है। उसी का परिणाम है कि 2 साल पहले के इस मामले को नवागत युवा आईएफएस अधिकारी की जांच में सामने आया और बंद पड़ी जांच की फाइल फिर से खुल गई।

## कलेक्टर ने रबी वर्ष 2023 -24 एवं खरीफ की फसलों की समीक्षा की

# डबल लॉक से यूरिया का समिति के माध्यम से किसानों को वितरण के निर्देश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** कलेक्टर ने गुरुवार को रबी वर्ष 2023 --24 की फसलों की तथा खरीफ 2024 के फसलों की समीक्षा की । समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि वह कस्टम हायरिंग सेंटर से किसानों को उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने निर्देश दिए की डबल लांक से यूरिया का उठाव कर समितियों के माध्यम से किसानों को देना सुनिश्चित किया जाए। खरीफ फसलों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा पुरम जिले में 2023 में धान , ज्वार , मक्का, कोदो कुटकी, अरहर , उड़द मूंग, सोयाबीन , मूंगफली , तिल कुल 3 लाख 15 हजार 255 हेक्टेयर में बोया गया था। इस वर्ष भी लगभग इतने ही क्षेत्र में बोअनी की जाएगी ।

उपसंचालक कृषि जेआर हेडाउ ने बताया कि जिले में मोटे धान का क्षेत्र लगातार कम होते जा रहा है इसके बजाय किसान बासमती धान लगा रहे हैं, किसानों का रुझान बासमती की ओर बढ़ रहा है । गत वर्ष 2.50 लाख मैट्रिक टन धान का उपार्जन हुआ था । किसानों को डीएसआर एवं सुपर सीडर का उपयोग धान की फसल की बोअनी में किए जाने हेतु जागरूक किया जा रहा है । जिले में तीनों मौसम में फसले ली जाती है । अतः धान की कम अवधि में पकने वाली किस्म जैसे पीबी 1509 , जेआर 206 , पीबी 1718 , सीओ 51 का उपयोग एवं नरवाई प्रबंधन के उचित नियंत्रण हेतु कृषकों को सुपर सीडर कृषि यंत्र से बोअनी करने के लिए समझाइए दी जा रही है । उन्होंने बताया कि किसानों का रुझान मूंग की फसल की ओर भी है , क्योंकि यह 60 दिन में तैयार हो जाती है । सोयाबीन 100 दिन, धान 120 से 140 दिन में पककर तैयार होती है । इसलिए भी किसानो का रुझान मूंग की ओर अधिक है । उन्होंने बताया कि मिट्टी का सैंपल परीक्षण के लिए लैब मैं भेजा जाता है । कलेक्टर ने कहा कि मिट्टी के जो भी सैंपल भेजे जाएं उसकी रिपोर्ट जल्दी आ जाए , कलेक्टर ने कहा कि मिट्टी का एक सैंपल कृषि महाविद्यालय की लैब में भी परीक्षण के लिए भेजा जाए । उन्होंने धान, सोयाबीन, गेहूं की क्राफ्ट के आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । बताया गया की ज्वार, मक्का केसला में, अरहर पिपरिया एवं बनखेड़ी में, उड़द केसला सोहागपुर में बोया जाता है । बैक वाटर एवं मिट्टी की अच्छी कंडीशन होने के कारण यह फसले यहां पर प्रचुर मात्रा में उत्पादित होती है।

यूरिया एवं फर्टिलाइजर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में जिले में 12 हजार मेट्रिक टन यूरिया



उपलब्ध है, जो समितियों के माध्यम से किसानों को देना शुरू किया जाएगा । कलेक्टर ने कहा कि वितरण में अनावश्यक देरी न हो ।

बताया गया कि अब तक 18 हजार मिट्टी के सैंपल लैब में परीक्षण के लिए भेजे गए हैं । स्कूल के बच्चों से भी मिट्टी के सैंपल कलेक्ट करवाए गए थे ।

मक्का की तीन वैरायटी जिले में लगाई जाती है , ड्रिप स्प्रिंकलर का उपयोग छोटी जोत के किसान कर रहे हैं । ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से ड्रीप स्प्रिंकलर दिया जाता है । जिले में कपास का उत्पादन नहीं होता है। यहां पर इसकी खेती नहीं की जाती । इंटर क्रॉप का चलन भी किसानों में बहुतायत है । गन्ना, गेहूं सोयाबीन , इंटर क्रॉप के द्वारा लिए जा रहे हैं । जिले में किसानों को नरवाई ना जलाने की समझाइए कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर दी जाती है।

यदि कोई किसान कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करना चाहता है तो उसे पूरी सहायता दी जाती है। उसे एक ट्रैक्टर और पांच उन्नत कृषि यंत्र दिए जाते हैं । जिसके माध्यम से वह खुद की खेती में इनका उपयोग करने के साथ ही कृषि यंत्र को किराए पर भी दे सकते है । ड्रोन के माध्यम से खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव किया जा रहा है । अब तक 400 किसानों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया है । प्रशिक्षण प्राप्त किसानों को लाइसेंस भी दिया जाता है । ड्रोन का प्रभाव अच्छा पड़ता है, एक एकड़ में 10 लीटर पानी एवं पेस्टिसाइड लगता है। ड्रोन 22 किलो तक का भार उठा सकता है।

बैठक में बताया गया कि सरसों की फसल को 500 हेक्टेयर में प्रमोट किया गया है । मॉडल सोयाबीन विलेज के तहत सोयाबीन एवं तिल को प्रमोट किया जा रहा है। 80 से 200 एकड़ में तिल एवं सरसों की क्राफ्ट लेने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को अलग-अलग प्रकार की सोयाबीन की वैरायटी के बारे में कराया गया है ।

कलेक्टर ने फसल बीमा की स्थिति की जानकारी लि, उन्होंने कहा की फसल बीमा में क्लेम करने वाले किसानों को उनका क्लेम तत्परता से मिल जाए । समीक्षा के दौरान बताया गया कि बैंक की वसूली 45त्न है , और वर्तमान में 56 करोड रुपए की वसूली किया जाना शेष है । ब्याज माफी योजना एवं डबल लांक में यूरिया की उपलब्धता के संबंध में कलेक्टर ने समीक्षा की । बताया गया की स्वाइल हेल्थ कार्ड के आधार पर उर्वरक अनुशंसा प्रत्येक विकासखंड के कम से कम 10-10 गांव में एसएचसी के आधार पर उर्वरकों के उपयोग पर विशेष अभियान अंतर्गत जिले के 210 ग्रामों का चयन कर उक्त ग्रामों में प्रशिक्षण पाठशाला संगोष्ठी चौपाल के द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है । फसल विविधीकरण हेतु प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं ।

# जल गंगा संवर्धन के कार्यों का जिपं सीईओ रावत ने किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सुजान सिंह रावत द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की सत्त मानिटरिंग की जा रही है एवं इस अभियान के तहत किये जा रहे, कार्यों का सत्त निरीक्षण भी किया जा रहा है। 06 जून 2024 को श्री रावत द्वारा जनपद पंचायत नर्मदापुरम, की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर जल संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रावत द्वारा नर्मदापुरम कि ग्राम पंचायत रोहना में किये जा रहे पुराने पेयजल कूप कि मरम्मत कार्यों को देखा गया। ग्राम पंचायत सांवलखेड़ा में रैनवॉटर हार्वेस्टिंग, बेहराखेड़ी से स्टॉप डैम के कार्यों का निरीक्षण किया गया । कार्यो के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि सभी जीर्णोद्धार कार्य अभियान के दौरान ही पूर्ण किये जायें व अभियान में अधिक सेअधिक जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बेहरा खेड़ी में स्टॉप डेम के निरीक्षण के दौरान स्थानीय कृषक सुनील राजपूत द्वारा बताया गया कि पूर्व में यहाँ मूंग की फसल नही होती थी क्योंकि सिंचाई सुविधा का अभाव था लेकिन स्टॉप डेम बनने से लगभग 150 एकड़ से अधिक भूमि में मूंग की फसल ली जा रही है। भ्रमण के दौरान के जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, पीओ मनरेगा अभिषेक तिवारी, उपयंत्री तरुण डिगरसे एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## स्वर्गीय अक्षय दीक्षित स्मृति समारोह का आयोजन 11 जून को

**नर्मदापुरम।** आरती अजान अरदास आराधना की पवित्र भारत भूमि को शत-शत नमन करने की प्रेरणा देने वाले युवा तरूणाई के प्रतीक अक्षय दीक्षित की पुण्यतिथि में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 11 जून 2024 को शाम 5-45 बजे स्वयंवरम गार्डन नर्मदापुरम में किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक दिवोलिया तथा समिति संरक्षक के एस राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान उन प्रतिभाशाली उन छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अधिक से अधिक अंक अर्जित कर वर्ष 2023 24 की बोर्ड परीक्षाएं उत्तीर्ण की। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अकरम खान ने नागरिकों से अपील की है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें।

# गर्मी में क्यों नहीं हुआ सड़क का कायाकल्प, अफसरों से सभापति ने मांगा जबाब

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।** शहर के वार्ड 13 की पार्षद तथा नपा में राजस्व एवं बाजार समिति सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने कायाकल्प योजना की जानकारी मांगते हुए योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने अपनी ही परिषद के अधिकारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण इटारसी की सड़कों का कायाकल्प नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा राशि स्वीकृत समयावधि के बाद भी आखिर क्यों नहीं हो रहा है काम श्रीमती ठाकुर ने कहा कि बरसात आने पर डामरीकरण नहीं हो सकता है, 2 साल बाद भी अधूरा काम है, और जनप्रतिनिधियों पर प्रशासनिक अधिकारी भारी पड़ रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम पत्र देकर उन्होंने इस योजना की जानकारी चाही और काम प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव के पूर्व कार्य भी प्रारंभ हो गया था, किन्तु बरसात आने का बोलकर ठेकेदार एवं इजीनियर ने बताया कि डामरीकरण का कार्य गर्मी में ही हो सकता है किन्तु यह दूसरे वर्ष की गर्मी का मौसम निकल चुका है जिसमें आधा ही काम हुआ है, जो रुका है वह नहीं हो पाया है।

पार्षद ने कहा कि मुझे अवगत करायें कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत पालिका द्वारा लापरवाही प्रतीत होती है, आप मुझे अवगत करायें कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत कितना कार्य हुआ है एव ठेकेदार को कितना भुगतान हुआ है और कितना कार्य शेष बचा है, यह जानकारी पार्षद ने लिखित में मांगी है। अमृता ठाकुर ने कहा कि जब से मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा यहां पदस्थ हुई हैं, कभी किसी पार्षद के पत्र का जवाब देना जरूरी नहीं समझती हैं।

उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस पत्र का उत्तर नहीं मिला तो उनको सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगनी होगी। श्रीमती ठाकुर ने मार्केट से लेकर न्यास कालोनी एमजीएम कालेज तक बनने जा रहे नाले के संबंध में शासन की योजना द्वारा प्राप्त राशि की जानकारी एवं भुगतान एवं नाला बनने का क्या समय निर्धारित है, उसकी जानकारी भी मांगी है। पत्र की एक प्रतिलिपि उन्होंने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे को भी दी है।

**मेट्रो एंकर**

## गरीब बालक की डॉक्टरों की टीम ने की सफल सर्जरी

# 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 15 दिन से फंसी लकड़ी को सर्जरी कर निकाला गया

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।** कहते हैं डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं इस बात को डॉ राजेश शर्मा और उनकी टीम ने सिद्ध करके दिखाया उन्होंने सिवनी मालवा के एक निर्धन बालक को एक नया जीवन दान दिया।



नर्मदा अपना अस्पताल एक बार फिर गरीब मरीज के लिए जीवनदान के साथ वरदान साबित हुआ। अस्पताल के चिकित्सकों ने एक बार फिर योग्यता से दर्शा दिया कि कैसे जटिल से जटिल सर्जरी को किया जा सकता है। दरअसल 15 दिन पूर्व सिवनी मालवा के गडरीपुरा निवासी प्रहलाद दायमा पिता देवी उम्र 13 वर्ष बच्चा जो निर्धन परिवार से है जो अपनी बकरी चराने जंगल गया हुआ था। घर आकर उसने बताया कि उसे बकरी ने सींग मार दिया है जिससे उसके जबड़े में चोट आ गई है। उस बच्चे को उपचार के लिए सिवनी मालवा लाया गया उसके बाद परिजनों द्वारा भोपाल के किसी निजी अस्पताल में 10 दिन तक इलाज चलता रहा इस बीच प्रहलाद के गाल से मवाद आना शुरू हो गया जिससे उसे खाने-पीने और बोलने में तकलीफ होने लगी। फिर बच्चों को नर्मदा पुरम के नर्मदा अपना अस्पताल लाया गया जहा डॉ राजेश शर्मा, डॉ गौतम बैनर्जी जनरल सर्जन,डॉ अनूप सक्सेना निश्चेतना विशेषज्ञ एवं डॉ बृजेश तौसीफ खान, पीटर मीणा, राजेश रघुवंशी ,ज्योति मोहन गढ़वाल,परवीन खान सहित ओटी टीम ने लगभग 2 घंटे तक की सर्जरी में बच्चों के गाल से लेकर कान तक सींग या उसके अंश को ढूंढा परंतु डॉक्टर्स की टीम भी तब हैरान रह गई जब देखा कि दो से ढाई इंच की एक लकड़ी का टुकड़ा कान के समीप फंसा हुआ है। जिसे निकालना काफी कठिन था काफी विचार विमर्श के बाद उसकी सफलता पूर्वक सर्जरी कर उक्त लकड़ी के टुकड़े को निकाला गया। निर्धन होने के कारण उक्त गरीब बच्चों की अत्याधिक न्यूनतम दर पर सर्जरी की गई।

इस तरह से विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम और मानवीय सेवा के अपने लक्ष्य को नर्मदा अपना अस्पताल ने पूरा किया।

# एक शाम शनिदेव के नाम भजन संध्या

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।** न्याय के देवता भगवान शनिदेव के जन्मोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन होगा। 8 जून की रात 8 बजे से पुरानी इटारसी रामलीला मैदान सूखा सरोवर में यह धार्मिक कार्यक्रम 26 वें वर्ष में होने जा रहा है। आयोजन के सूत्रधार मां के बेटे जागरण समिति के संचालक आलोक शुक्ला ने बताया कि भगवान शनिदेव देवों, दानवों और मानवों के कर्मो का न्याय करने वाले देवता माने जाते हैं। हर साल उनके जन्मोत्सव पर इस मैदान में एक शाम भगवान शनिदेव के नाम का आयोजन किया जा रहा है। इस साल भजन संध्या में गायक कलाकार नीलम सिंह यादव (वाइस आफ रविन्द्र जैन) गायिका वीणा राजपूत अपनी मधुर आवाज में भगवान शनिदेव के भजनों की प्रस्तुति देंगी। मंच पर जबलपुर के झांकी कलाकार पुनीत लांझे ग्रुप द्वारा जीवंत झांकीयो का मंचन किया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि शहर के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से निरंतर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का यह 26 वां साल है। पूरे आयोजन में मिलने वाली दान राशि समिति हर साल शहर के किसी जरूरतमंद परिवार या व्यक्ति को प्रदान करती है । भजन संध्या के आरम्भ में भगवान शनिदेव जी की करणी सेना परिवार के सहयोग से महाआरती की जाएगी।

इस भजन संध्या को सुनने और झांकी देखने के लिए हर साल हजारों श्रद्धालु मैदान पर पहुंचते हैं। पौधे वितरण कर देंगे संदेश कार्यक्रम में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को समिति की ओर से निश्शुल्क पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

## धूमधाम से मनाया शनि जन्मोत्सव



**सिवनी मालवा।** शनि देव के जन्म उत्सव समारोह पर वार्ड नंबर एक मे स्थित शंकर मंदिर से श्री शनि देव जी का जन्म उत्सव मनाया गया। विशाल शोभायात्रा निकाली गई सभी शनि भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर शनि देव महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडित धर्मराज जोशी द्वारा भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सभी ने अपनी उपस्थिति दी।इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, राम कृष्ण वर्मा ,ग्रामीण जिला कार्यकारिणी सदस्य अनीता वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पुष्पा रघुवंशी, लीना शर्मा, संगीता मेहरा,भारती आठनेरे, वर्षा चोरसिया, सपना केवट, रेखा बाई, ललीत गुज़र अजय ,संजयनितिन सतीश कन्जू ठाकुर, हेमंत भैया संतोष पालीवाल सनी भैया सावित्री केवट ,किरण रेखा भाई वंदना पालीवाल बागा मैडम सहित अन्य सभी शनि भक्त उपस्थित थे।




**सिरोंज।** सर्व ब्राह्मण महिला पंचायत द्वारा पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम ग्रीन वैली स्कूल के सामने पार्क में किया गया जिसमें जनपद पंचायत सिरोंज के उपाध्यक्ष श्रीमती शशि राकेश शर्मा नगर पालिका से ज्योति दुबे बालमुकुंद कुशवाहा एवं संतोष जी एवं समस्त महिला उपस्थित रहे।

## भगवान शनि देव की मनाई जयंती, दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को भगवान शनि देव की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ बनाई गई। लटेरी रोड श्री शनि देव जी के मंदिर पर पूजार्चना और दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा मंदिर पर श्री शनि देव जी का सरसों के तेल से अभिषेक किया गया पूजा अर्चना हवन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं सुबह से लेकर देर शाम तक भगवान शनि देव की पूजा अर्चना और उनके प्रकोप से बचने के लिए अर्जी लगाने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। धार्मिक मानता है कि भगवान शनि देव की जिस पर कृपा हो जाती है उस किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता ।जिस जिस पर कू दृष्टि होती है उसका विनाश हो जाता है ।इसलिए हर कोई भगवान शनि देव के प्रकोप से बचने के लिए उनकी शरण में पहुंचे।



## मौसम की फिर करवट , झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्री-मानसून की बारिश में दस्तक देना प्रारंभ कर दिया ।गुरुवार को सुबह से ही बादलों की लुका छुपी का दौर चल रहा था शाम के समय तेज हवाओं के साथ आसमान पर काले बादलों ने डेरा जमा लिया जिसके चलते दिन में ही रात जैसा नजारा प्रतीत होने लगा वाहन चालकों को अपने बहनों की लाइट जलाकर वाहनों को चलना पड़ तेज हवाओं के साथ 30 मिनट के करीब अच्छी बारिश होने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिल गई तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई नहीं तो गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही थी। मौसम को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि इस बार जल्दी मानसून दस्तक देगा किसान भी खरीफ फसल की बोनी की तैयारी में अभी से जुट गए हैं ,उन्हें भी जल्दी बोनी होने की उम्मीद है मौसम में हुए बदलाव के बाद शाम के समय सुहाने हुए मौसम का लुफ्ट उठाने के लिए लोग घरों से बाहर निकले। हवाओं के साथ बारिश होने से बिजली भी गुल हो गई समाचार लिखे जाने तक बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ा । जबकि अभी मानसून की बारिश प्रारंभ नहीं है तब यह हालत होना है। जब मानसून की बारिश होगी तब बिजली कितनी मिलेगी इसका अंदाजा भी इसी बात से लगाया जा सकता है ।

## देवपुर धाम लवकुश मंदिर परिसर में कुशवाह समाज की हुई बैठक




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

गुरुवार को भगवान श्री विश्वनाथ के धाम देवपुर स्थित श्री लवकुश जानकी मंदिर मैं श्री लवकुश जानकी मंदिर सेवा समिति की वार्षिक बैठक हुई। बैठक के दौरान में मंदिर निर्माण में की जा रही सहयोग राशि सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान कुशवाह महासभा के तहसील अध्यक्ष राकेश कुशवाह के द्वारा समिति के सभी सदस्यों का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई, वहीं बैठक में सर्व सहमति से निर्णय हुआ है कि अब आगे मंदिर परिसर सहित मंदिर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा, साफ सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं का ध्यान रखा जाए। मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था, रुकने की उचित व्यवस्था होना चाहिए इसके लिए प्रस्ताव पास हुआ। इसके अलावा कुशवाहा युवा महासभा के तत्वाधान में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, ।जिसमें समाज जनों की अधिक से अधिक सहभागिता हो इसको लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान श्री लवकुश जानकी मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष घनश्याम कुशवाह, उपाध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह, कोषाध्यक्ष बुंदेल सिंह कुशवाह, सचिव चैन सिंह कुशवाह, तहसील महासभा अध्यक्ष श्री राकेश कुशवाह, रामबाबू कुशवाह, मुंशीलाल कुशवाह, रामचरण कुशवाह, हिम्मत सिंह कुशवाह, सियाराम कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### बिजली कंपनी के दावे फेल, तेज गर्मी और उमस से उपभोक्ता परेशान

# 20 घंटे तक रही छतरी चौराहे की बिजली बंद, उपभोक्ताओं में आक्रोश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



बुधवार की रात 10 बजे से गुरुवार शाम 6 बजे तकबिजली बंद रहने और समय पर सुधार नहीं होने से उपभोक्ता काफी परेशान हुए। उपभोक्ताओं को सप्लाई सुचारू होने के लिए करीब 20 घंटे का लंबा इंतजार करना पड़ा। नगर के वार्ड नंबर 10 छत्री चौराहे पर एक केबल लाइन खराब होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई हालांकि बिजली विभाग ने रात्रि में ही सुधार कार्य करना प्रारंभ कर दिया था लेकिन जैसे ही एक लाइन सही की तो दूसरी लाइन खराब हो गई, जिसके कारण करीब आठ खभों की केवल लाइन बदली गई है। तब जाकर कहीं बिजली सप्लाई प्रारंभ हो सकी। लेकिन इतने बीच में तेज गर्मी और उमस के कारण लोगों का जीना दुबर हो गया। स्थानीय रहवसी एकत्रित होकर बिजली विभाग कार्यालय भी पहुंचे जहां पर हंगामा भी किया गया। तेज गर्मी के बावजूद स्थानीय बिजली कंपनी की लचर कार्य प्रणाली के कारण आए दिन किसी न किसी वार्ड में बिजली की सप्लाई बंद रहती है।

लगातार ट्रिपिंग के कारण बिजली कंपनी के उपभोक्ता काफी परेशान है। हर दिन बिजली की शिकायत देखने को मिल रही है, बावजूद इसके जिम्मेदार अपने कार्य में कोई सुधार करते नहीं दिख रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि तेज गर्मी कारण ओवरलोडिंग की समस्या भी बिजली कंपनी के हाथपैर फुला रही है। तेज गर्मी की वजह लोगों के एसी, पंखे, कूलर अधिक मात्रा में चल रहे हैं जिससे बिजली कंपनी के दावे पूरी तरह फेल होते दिखाई पड़ रहे हैं।

### नगर सहित अंचलों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान -

गुरुवार को भीषण गर्मी में नगर सहित अंचलों में जारी कटौती के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जहां शहर में सुबह 20 घंटे बिजली कटौती रही तो वही ग्रामीण अंचलों में भी स्थिति वद से बत्तर है। जरा से मौसम परिवर्तन और हवा के चलते घंटे बिजली काट दी जाती है ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन रात्रि में दो से चार घटे तो भाई दिन में भी इतने ही घंटे बिजली बंद रहती है। जबकि केंद्र और राज्य सरकार अटल ज्योति योजना के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन जमीनीस्तर पर यह दावे पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं। इसे बिजली कंपनी के लापरवाही कहें या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अभी तक कोई भी बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। ग्रामीण उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली कंपनी के अधकारी अपने आप को इतना ताकतवर मानते हैं कि उन्हें किसी का भय भी नहीं है।

### मानसून परिवर्तन से तेज गर्मी और उमस लोगों के लिए बन रही मुशीवत

पिछले दो दिनों से मौसम परिवर्तन के कारण अब गर्मी के साथ-साथ उमस भी देखने को मिल रही है जिसकी वजह से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यही कारण है कि बच्चे बीमार पड़ने लगे हैं। छोटे बच्चों पर गर्मी का असर दिख रहा है। तेज बुखार और लूज मोशन के बच्चे शिकार हो रहे हैं। सरकारी अस्पताल व निजी क्लिनिकों पर इस तरह के मामले ज्यादा दिखाई पड़ रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम परिवर्तन से इस तरह के मामले अधिकांश सामने आते हैं। लोगों को गर्मी में सावधानियां बरतनी चाहिए। अधिक गर्मी से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। साथ ही बाहरी वातावरण का तापमान जब शरीर के तापमान से अधिक हो जाता है तो बच्चों में असर दिखने लगता है। लिहाजा बच्चे इस भीषण गर्मी से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### इनका कहना है।

*बुधवार की रात्रि से गुरुवार शाम तक बिजली पूरी तरह बंद रही, जिसकी वजह से लोगों का गर्मी के कारण जीना दुबर हो गया। इनवर्टरों ने भी कुछ घंटे में ही दम तोड़ दिया। दिन भर बिजली संबंधी काम पूरी तरह बंद रहे, जिसके कारण लोग परेशान होते रहे।*

*- **मोहित रघुवंशी**, उपभोक्ता वार्ड 10*

*छत्री चौराहे वाली केविल लाइन खराब होने की वजह से बिजली की समस्या उत्पन्न हुई थी। तेज गर्मी और उमस के कारण बिजली का अधिक ओवरलोड हो रहा है जिसकी वजह से केवल लाइन जल गई थी। केवल लाइन को सही कराया गया है जिसमें 8 खभों की केवल लाइन बदली गई है।*

*- **सुशील समेले**, एई बिजली कंपनी सिरोंज*

### छोटी सी गलती, सुधार करने महीनों काटने पड़ रहे कार्यालय का चक्कर

बिजली बंद से प्रतिदिन शहर के अलग अलग हिस्सों में बिजली उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में तो अधिक लोड होने के कारण वोल्टेज की समस्या गहरा गई है। नगर के कई मोहल्ले और वार्डों में वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता लगातार परेशान हैं। लगातार बिजली कटौती के कारण उपभोक्ता काफी परेशान है बावजूद इसके बिजली कंपनी के अधिकारी हाथ पर हाथ रखे हुए बैठे हैं जबकि गर्मी से पूर्व बिजली कंपनी के अधिकारी इस गर्मी पर्याप्त बिजली सप्लाई करने के बड़े बड़े वादे कर रहे थे, लेकिन यह सारे वादे जमीनीस्तर पर फैल साबित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जब भी हम सूचना देने का प्रयास करते हैं तो बिजली ऑफिस का फोन ही रिसीव नहीं होता है। अधिकारी भारी जद्दोजहद के बाद मोबाइल उठाते भी हैं तो केवल कर्मचारियों को भेजने का आश्वासन देते हैं। लेकिन, घंटों गुजर जाने के बाद भी सुधार दल नहीं पहुंचता है। इतनी भीषण गर्मी व अंधेरे में लोगों को रतजगा करना पड़ा।

**मेट्रो एंकर** | नमामि गंगे परियोजना जल गंगा संवर्धन के तहत

# जिले के गांवों में कुंआ, बावड़ी, तालाब, कूप निर्माण और साफ, स्वच्छ करने का कार्य किया गया




**विदिशा दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट के मार्गदर्शन में नमामि गंगे परियोजना के जल गंगा संवर्धन अभियान तहत जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्र एवं जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में अभियान के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जल संरक्षण, बावड़ी तालाबों स्टॉप डैम, कपिलधारा कूप, खेत तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम, ग्रेवियन, बोल्डर, परकोलेशन ट्रेंक सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास प्रारंभ हो गए हैं अभियान के तहत जिले की सभी जनपदों के विभिन्न ग्रामों में जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु कार्य जारी हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में जल संवर्धन के कार्यों को अंजाम दिया गया है। जिनमें जिले की जनपद पंचायत सिरोंज के ग्राम ललितपुर में हनुमान मंदिर के पास तालाब की साफ-सफाई कार्य, दीपनाखेड़ा में स्टॉप डैम मरम्मत, बासौदा जनपद पंचायत के उकायला ग्राम में कूप निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत विशेपुर में कुआं की साफ सफाई कार्य, ग्राम पंचायत पचमा में कूप निर्माण कार्य, जनपद पंचायत लटेरी के महोटी ग्राम में कुआं की साफ सफाई, ग्राम पंचायत बारोद में तालाब को साफ स्वच्छ करने के कार्यों के साथ-साथ ग्राम पंचायत घुड़ियाखेड़ी, नीमखेड़ा और ककरुरा में जल संवर्धन के लिए लीचपीट निर्माण तथा ग्राम पंचायत पिपरिया अजीत और ग्राम पंचायत पांझ सहित अन्य ग्रामों में जल संरक्षण हेतु होदी निर्माण का कार्य किया गया है।

नमामि गंगे परियोजना जिले की समस्त पंचायतों में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआं, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु 16 जून 2024 तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान मनरेगा योजना अंतर्गत जल संरक्षण, संवर्धन के जिले में कुल 3555 प्रगतिरत कार्य जैसे कपिलधारा कूप, खेत तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम, स्टॉपडेम, ग्रेवियन, बोल्डर, परकोलेशन ट्रेंक इत्यादि को अधिक से अधिक कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

# तहसीलदार के आदेश को हवा में उड़ा रहे पटवारी, आरआई

**सरपंच की नहीं हो रही तहसील कार्यालय में सुनवाई कई आवेदन देने क बाद भी अधिकारियों ने नहीं किया सीमांकन**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

ग्राम पंचायत कर्राखेडरी के सरपंच बृजमोहन धाकड के द्धारा तहसील कार्यालय मे कई आवेदन पंचायत भवन की बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है । उक्त निर्माण में ग्राम पंचायत में सर्वे क्रमांक 132 में रकबा 0,152हेक्टेयर मे से षासकीय रास्ता निकला है जो किनव निर्माण पंचायत भवन तक पहुँचता है । तथा उक्त रास्ते का सीमांकन किया जाना है आवष्यक है । सरपंच ने अपने आवेदन मे लेख किया है पटवारी एवं थाना प्रभारी के द्धारा उक्त सीमांकन किया जावे क्योकि मोके पर विवाद होने की संभावना है । वही सरपंच ने अनुविभागीय अधिकारी को दिए गये आवेदन में लेख किया है कि नायब तहसीलदार को पूर्व कई दिनांक 1.1.23 इसके बाद 28.4.23 को भी आवेदन दिया था परंतु अभी तक सीमांकन नही हुआ है । वही सरपंच बृजमोहन धाकड़ ने कहा कि पंचायत भवन की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है कई कार्य प्रभावित हो रहे है लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही है ।

### सरपंच ने लगाए आरोप

सरपंच बृजमोहन धाकड़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील कार्यालय में जब सत्ता पक्ष के लोग ही परेशान है तों आमजन का क्या हाल होगा । कई सीमांकन रूके पडे हुए है लेकिन जिम्मेंदारो का इस और ध्यान नही है लोग सुबह शाम चक्कर काट रहे है कोई काम नही हो रहा है ।

### तहसीलदार के आदेश को ठेगा दिखा रहे है पटवारी और आरआई

तहसीलदार ने आदेश निकालते हुए टीम गठित की थी जिसमे नायब तहसीलदार पटवारी आरआई को नियुक्त किया था औार तीन दिवस में सीमांकन करने के निर्देष दिये थे लेकिन तहसीलदार के आदेश को हवा दिखाते हुए आज दिनांक तक सीमांकन नही किया गया है । और सरपंच आज दिनांक तक परेषान है ।

### इनका कहना है

*अभी जानकारी मेरे पास नही है मै देखकर बताता हॅु।*

*तहसीलदार संजय चोरासिया ।*

### एक-दूसरे के खिलाफ टी-20 में 2-2 मैच जीते

# वर्ल्ड कप में आज कनाडा का मुकाबला आयरलैंड से, दोनों को जीत की तलाश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप 2024 का 13वां मुकाबला कनाडा क्रिकेट टीम और आयरलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेला जाना है। दोनों टीमें ग्रुप में है और इस विश्व कप में अपना दूसरा मुकाबला खेलते हुए नजर आएगी। कनाडा को पहले मैच में यूएसए क्रिकेट टीम ने 7 विकेट से हराया था। आयरलैंड को अपने पहले मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 8 विकेट से हार मिली थी। इस बीच मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं। कनाडा और आयरलैंड के बीच होने वाला यह मैच 7 जून को नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

जॉनसन ने पिछले 10 मुकाबलों में 164.53 की स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। किरटन के बल्ले से पिछले 10 मैच में 138.72 की स्ट्राइक रेट से 240 रन निकले हैं। बालबर्नी ने पिछले 10 मुकाबले में 28.1 की औसत से 281 रन बनाए हैं। टकर के बल्ले से पिछले 10 मैच में 251 रन निकले हैं। अडायर के नाम पिछले 10 मैच में 18 विकेट है। निखिल ने पिछले 8 मैच में 11 विकेट लिए हैं।




### बराबरी का रहा है मुकाबला

कनाडा और आयरलैंड के बीच टी-20 क्रिकेट में अब तक 4 मुकाबले खेले गए हैं। 2 मैच में कनाडा को जीत मिली है और 2 मैच आयरलैंड ने अपने नाम किए हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच साल 2019 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला गया था। उस मैच को कनाडा की टीम ने 10 रन से अपने नाम किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा ने 156 रन बनाए थे। जवाब में आयरलैंड 146 रन ही बना पाई थी। इस संयोजन के साथ उतर सकती है कनाडा की टीम। कनाडा के बल्लेबाजों ने पहले मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन किया था। नवनीत धालीवाल और निकोलस किरटन ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। ऐसे में इन दोनों खिलाड़ियों से एक बार फिर अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। टीम अपनी गेंदबाजी पहले मुकाबले से बेहतर करना चाहेगी। इस प्लेइंग इलेवन के साथ नजर आ सकती है आयरलैंड की टीम। आयरलैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज भारत के खिलाफ कुछ खास नहीं कर पाए थे। वह पूरे मुकाबले में संघर्ष करते हुए नजर आए। ऐसे में कप्तान पॉल स्टर्लिंग कनाडा के खिलाफ एक जोरदार पारी खेलना चाहेंगे। हैरी टेक्टर और अनुभवी एंड्रयू बालबर्नी से भी उम्मीदें होंगी। अगर आयरलैंड की बात करें तो पिछले विश्व कप के बाद मार्क ऐडेयर आयरलैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे हैं। हालांकि आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल काफ़ी ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। पिछले विश्व कप के बाद से लिटिल ऐसे गेंदबाज़ रहे हैं, जिन्हें पूरे विश्व में तीसरा सबसे ज़्यादा सीम मूवमेंट (1.02 डिग्री) मिला है। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से आयरलैंड की 70 फीसदी गेंदबाज़ी तेज़ गेंदबाज़ों ने की है।

### बॉलर भी हैं अच्छे फॉर्म में

वहीं अगर कनाडा की बात करें तो कनाडा के लिए ऐरन जॉनसन और कप्तान साद बिनर महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। जॉनसन ने 2022 टी20 विश्व कप के बाद से कनाडा के लिए सभी 16 टी20आई खेलते हुए 51 की औसत और 166 के स्ट्राइक रेट से दो शतकों और पांच अर्धशतकों के साथ 713 रन बना चुके हैं। वहीं बिनर का टी20 आई इकॉनमी रेट सिर्फ 6.39 का है और वह 19 की शानदार औसत से 37 मैचों में 43 विकेट ले चुके हैं। अपने पहले मैच में कनाडा ने 194 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया था लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने 18वें ओवर में ही इस लक्ष्य का पीछा कर लिया था। विश्व कप से पहले अभ्यास मैच के दौरान उन्होंने नेपाल को आसानी से हरा दिया था, हालांकि टी20 विश्व कप से पहले उन्हें यूएसए के ख़िलाफ़ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ में 0-4 से हार मिली थी। हालांकि विश्व कप लीग 2 में कनाडा की टीम पहले स्थान पर रही थी। वहीं आयरलैंड की बात की जाए तो भले ही उन्हें पहले मैच में भारत के ख़िलाफ़ हार मिली थी लेकिन उन्होंने मई 2024 में स्कॉटलैंड और आयरलैंड के खिलाफ एक त्रिकोणीय सीरीज खेला थी, जिसमें वह चार मैचों में अजेय होते हुए विजेता बनी थी। इसके पहले उन्होंने पाकिस्तान को भी तीन मैचों की सीरीज के दौरान एक मैच में हराया था। हालांकि यह सीरीज पाकिस्तान ने 2-1 से जीती थी।

### महिला हॉकी: उपकप्तान नवनीत कौर बोलीं...

## 'हम गलतियों से सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे'



**लंदन, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआइएच प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय चरण में बेल्जियम और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ कड़े संघर्ष का सामना करना पड़ा है। ऐसे भारतीय टीम का लक्ष्य आगामी मैचों में इन अनुभवों का लाभ उठाकर जीत दर्ज करने पर है। उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, हम अपने शेष दो मैचों में जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन का सामना करने को तैयार हैं। हम पिछले प्रदर्शनों का विश्लेषण करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य कड़ी मेहनत को सकारात्मक परिणामों में बदलना है। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है।

## फॉर्मूला वन रेस: सर्जियो पेरेज ने रेड बुल के साथ अनुंबध दो साल बढ़ाया

**सिंगापुर, एजेंसी**

मोनाकोझ पत्रिका. सर्जियो पेरेज ने रेड बुल के साथ मौजूदा अनुबंध को दो साल के लिए बढ़ा दिया है। अब वह रेड बुल रेसिंग के साथ 2026 तक बने रहेंगे। इसकी घोषणा मंगलवार को की गई। पेरेज ने कहा, मुझे यात्रा जारी रखने और टीम के इतिहास में दो और वर्षों का योगदान देने के लिए खुशी हो रही है। 35 वर्षीय रेसर ने रेडबुल के साथ पांच रेस, 29 पोडियम फिनिश और तीन पोल पोजिशन जीती है।

**इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन**

## चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने 3 गेम में हराया, सिंधू पहले ही दौर में बाहर, प्रियांशु जीते

**जकार्ता, एजेंसी**

महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा को अंतिम-32 में दक्षिण कोरियाई किम सो येओंग और कोंग ही यंग की जोड़ी से 12-21, 9-21 से करारी हार झेलनी पड़ी। रुतपर्णा-स्वेतपर्णा की महिला युगल जोड़ी हारी। भारतीय शटलर पीवी सिंधु को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन के पहले दौर में हारकर बाहर होना पड़ा है। चीनी ताइपे की सू-वेन ची ने सिंधू को 21-15, 15-21, 21-14 से करारी शिकस्त दी। हालांकि पुरुष एकल में भारतीय युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने जीत से आगाज किया। उन्होंने हमवतन खिलाड़ी एचएस प्रणय को 21-17, 21-12 से हराया।



## नॉर्वे चेस टूर्नामेंट: युवा ग्रैंडमास्टर को आठवें राउंड में मिली शिकस्त

**कार्लसन ने प्रग्गनानंदा से हिसाब बराबर किया**

**स्टावेंजर (नार्वे), एजेंसी**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने यहां नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा को आठवें दौर में मात दी। इसके साथ ही नॉर्वे के खिलाड़ी ने प्रग्गनानंदा से तीसरे दौर में मिली हार का बदला भी ले लिया। पिछली बाजी में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराने वाले प्रग्गनानंदा ने कार्लसन के साथ क्लासिकल बाजी ड्रॉ खेली लेकिन सथन डेथ में उन्हें हार झेलनी पड़ी। वैशाली जीती प्रग्गनानंदा की बहन आर वैशाली ने टूर्नामेंट के आठवें दौर में आर्मगेडन गेम में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को हराया। वहीं, लेई टिंगजी ने कोनेरू हंपी को मात देकर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन जू वेंजुन ने पिया क्रेम्लिंग के खिलाफ क्लासिकल गेम जीता।



टूर्नामेंट की शुरुआत में प्रगनानंद ने कार्लसन को मात दी थी। ये प्रगनानंद की क्लासिकल मैच में कार्लसन पर पहली जीत थी। हालांकि कार्लसन ने अब उस हार का बदला ले लिया है। प्रगनानंद की कोशिश अब अगले दौर में बेहतर खेल दिखाने की होगी। कार्लसन भी नंबर की पोजिशन पर कायम हैं तो वहीं प्रगनानंद तीसरे नंबर पर हैं।



**मेट्रो बाजार**

## वेज-थाली की कीमत बढ़ी, आलू और प्याज के भाव ने बढ़ाए दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत मई में सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 27.8 रुपए हो गई है। पिछले साल मई 2023 में वेज थाली की कीमत 25.5 रुपए थी। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने अप्रैल की तुलना में मई में 1 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। अप्रैल में वेज थाली की कीमत 27.4 रुपए थी। टमाटर, आलू और प्याज के कारण वेज थाली की कीमत बड़ी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना आधार पर टमाटर (39 फीसदी), आलू (41 फीसदी) और प्याज (46 फीसदी) की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वेज थाली की कॉस्ट में ये ग्रोथ देखने को मिली है। सालाना आधार पर चावल (13 फीसदी) और दालों (21 फीसदी) की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। क्रिसिल ने बताया कि जीरा, मिर्च और वेजिटेबल ऑयल की कीमतों में गिरावट के कारण वेज थाली की कीमत में और ग्रोथ देखने को नहीं मिली। जीरा की कीमत में 37 फीसदी, मिर्च में 25 फीसदी और वेजिटेबल ऑयल की प्राइस में 8 फीसदी की गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉन-वेज थाली की कीमत मई में सालाना आधार पर 7 फीसदी गिरकर 55.9 रुपए हो गई है। पिछले साल मई 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 59.9 रुपए थी। नॉन वेज थाली की कीमत में ये गिरावट ब्रॉयलर्स यानी चिकन की प्राइस में सालाना आधार पर 16 फीसदी की कमी के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50 फीसदी हिस्सेदारी होती है। वहीं अप्रैल में 56.3 रुपए की तुलना में नॉन-वेज थाली तैयार करने की लागत में 1 फीसदी की कमी आई है। क्रिसिल ने नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट इंडिया में मौजूदा फूड कीमतों के आधार पर घर में थाली तैयार करने की एवरेज कॉस्ट कैलकुलेट की है। मंथली चेंज से आम आदमी के खर्च पर असर पड़ता है।



## खाद्य उत्पादन घटने की आशंका, चावल-गेहूं की रेकॉर्ड पैदावार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में फसल वर्ष 2023-24 में गेहूं और चावल की रेकॉर्ड पैदावार होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन 32.88 करोड़ टन से अधिक रह सकता है, जो पिछले 5 वर्ष के औसत फूड ग्रेन प्रोडक्शन 30.77 करोड़ टन से 211 लाख टन ज्यादा है। हालांकि वर्ष 2022-23 के मुकाबले खाद्यान्न उत्पादन 2023-24 में कम रहने का अनुमान है। 2022-23 में 32.97 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ था। कृषि मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 11.29 करोड़ टन गेहूं और 13.67 करोड़ टन चावल उत्पादन का अनुमान है। अनियमित मानसून से फसलें प्रभावित हुई है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि वर्ष 2023-24 में अनियमित मानसून की वजह से अनाज उत्पादन में गिरावट आई। पर्याप्त बारिश न होने से भी कुछ फसलें प्रभावित हुई थीं। इससे दलहन, तिलहन, गन्ना, कपास, मक्का और जूट का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले कम रहने की अनुमान है। हालांकि श्रीअन्न (पौष्टिक मोटे अनाज) सरसों, तुअर, रेपसीड आदि का उत्पादन पिछले सीजन से अधिक रहने की उम्मीद है। इस साल सरकारी गेहूं की खरीद भी पिछले साल के मुकाबले बढ़ी है, जिससे सरकार के बफर स्टॉक में इजाफा हुआ है। पैदावार करोड़ टन में, कॉटन और जूट का उत्पादन गांठ में, कॉटन का एक गांठ में 170 किलो का और जूट का एक गांठ 180 किलो का होता है।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**



## गलत एंगल से तस्वीरें लेने पर पैपराजी पर भड़कीं मोना, बोलीं- ये परेशान करने वाला है

पैपराजी द्वारा अभिनेत्रियों के शरीर के अंगों पर गलत एंगल से जूम करने को लेकर अभिनेत्री मोना सिंह और नेहा शर्मा ने अपनी नाराजगी जताई है। अभिनेत्री ने इसे परेशान करने वाली हरकत बताई है। पैपराजी द्वारा अभिनेत्रियों की गलत एंगल से तस्वीरें और वीडियो निकालने पर अब अभिनेत्रियां मुखर होकर बोलने लगी हैं। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने इसकी निंदा की है। हाल ही में एक अभिनेत्री मोना सिंह और नेहा शर्मा ने इसे परेशान करने वाला बताया। एक साक्षात्कार में मोना सिंह ने बिना इजाजत के अभिनेत्रियों की तस्वीरें और वीडियो निकालने और गलत एंगल से जूम करने को लेकर पैपराजी की निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साक्षात्कार के दौरान अभिनेत्री ने कवरेज में परेशान करने वाले दोहरे मानकों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपमान का सामना करना पड़ता है, जबकि पुरुषों के साथ ऐसा नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, 'पैपराजी अनुचित तरीके से महिलाओं के शरीर पर लोगों का ध्यान केंद्रित करते रहते हैं। क्या वे चलते समय किसी पुरुष के शरीर के किसी अंग को इस प्रकार जूम करेंगे। नहीं, वे ऐसा नहीं करेंगे। लेकिन वे हर महिला के साथ ऐसा करते हैं।' अभिनेत्री मोना सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मुंज्या' के प्रचार-प्रसार में जुटी हैं।

## अनुपम बोले- 'व्यक्ति को बहुत ज्यादा ईमानदार नहीं होना चाहिए'

बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने लोक सभा चुनावों के परिणाम सामने आने के बाद एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर करते हुए बिना किसी का नाम लिए एक ईमानदार लीडर और कोशिशों का जिक्र किया है। अनुपम ने लिखा, 'कभी कभी सोचता हूं कि ईमानदार व्यक्ति को बहुत ज्यादा ईमानदार नहीं होना चाहिए। जंगल में सीधे तने वाले पेड़ ही सबसे पहले काटे जाते हैं। बहुत ज्यादा ईमानदार व्यक्ति को ही सबसे ज्यादा कष्ट उठाने पढ़ते हैं। पर फिर भी वो अपनी ईमानदारी नहीं छोड़ता। इसलिए करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनता है।' बताते चलें कि 2024 के लोक सभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने चुनाव जीत लिया, लेकिन पार्टी ने कुछ प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में सीटें खो दीं, जिनमें उत्तर प्रदेश का फैजाबाद भी शामिल है, जहां राम मंदिर मौजूद है। अनुपम की इस पोस्ट को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले अनुपम ने सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट को भी जीत की बधाई दी। कंगना ने हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट पर जीत हासिल की। वर्कफ्रंट पर अनुपम, कंगना के ही निर्देशन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आएंगे। इन दिनों अनुपम पिछले हफ्ते थिएटर्स में रिलीज हुई 'छोटा भीम' में अहम किरदार में नजर आ रहे हैं।



## प्रियंका को पड़ी थी बाजीराव-मस्तानी के सेट पर डांट, भंसाली ने डांटा तो सेट पर रो पड़ी थीं



साल 2015 की फिल्म बाजीराव-मस्तानी जबरदस्त हिट रही थी। फिल्म में रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया था। संजय लीला भंसाली सेट पर परफेक्शन के लिए जाने जाते हैं, जो मन मुताबिक शॉट न मिलने पर एक्टर्स को जमकर फटकार लगाते हैं। प्रियंका चोपड़ा को भी फिल्म के सेट पर जमकर डांट पड़ती थी, जिससे वो फिल्म छोड़ना चाहती थीं। फिल्म दिल धड़कनें दो के प्रमोशन के दौरान रणवीर सिंह ने अनुपमा चोपड़ा से हुई बातचीत में बताया था कि प्रियंका चोपड़ा को संजय लीला भंसाली के साथ काम करने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने बताया था कि शुरुआत में दो-तीन दिन डांट खाने के बाद प्रियंका चोपड़ा बुरी तरह टूट गई थीं। रणवीर ने कहा था, मिस जो सब कुछ जानती हैं और जो एक्टिंग की कला में माहिर हैं एक फिल्म के सेट पर पहुंची थीं। उस फिल्म का नाम बाजीराव मस्तानी है, जिसके डायरेक्टर संजय लीला भंसाली हैं। मेरे ख्याल से प्रियंका उस समय संजय लीला भंसाली के काम करने के तरीके से वाकिफ नहीं थीं। रणवीर ने बताया कि प्रियंका चोपड़ा डांट खाने के बाद शूटिंग के तीसरे दिन ही फिल्म छोड़कर जाना चाहती थीं। हालांकि, प्रियंका ने डांट खाने के बावजूद फिल्म नहीं छोड़ी और वे संजय लीला भंसाली के साथ तालमेल मिलाने में कामयाब रहीं। फिल्म में प्रियंका ने बाजीराव बने रणवीर सिंह की पहली पत्नी काशीबाई का रोल प्ले किया था। फिल्म के लिए प्रियंका को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का फिल्मफेयर और अवॉर्ड दिया गया था। ये प्रियंका और संजयलीला भंसाली की दूसरी फिल्म थी। सबसे पहले दोनों ने फिल्म गोलियों की रासलीला:राम-लीला में साथ काम किया था। पहले प्रियंका इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस होने वाली थीं, हालांकि बाद में फिल्म में दीपिका को कास्ट कर लिया गया था। ऐसे में संजय लीला भंसाली ने प्रियंका को फिल्म के टाइटल सॉन्ग में कास्ट किया था। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनी फिल्म मैरी कॉम में भी लीड रोल निभा चुकी हैं।

# कंप्यूटर की कोचिंग कर रहे छात्र ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ऐशबाग थाना क्षेत्र के पदमनाभ नगर में किराए के मकान में रह रहे 21 साल के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह एमपी नगर इलाके में कंप्यूटर की कोचिंग कर रहा था। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। परिजन से पूछताछ के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। पुलिस के अनुसार मूलरूप से होशंगाबाद निवासी हर्ष पटेल (21) यहां पद्मनाम नगर में किराए का कमरा लेकर रह रहा था और एमपी नगर में क प्यूटर कोचिंग में पड़ाई कर रहा था। मकान में दूसरे छात्र भी किराए से रहते हैं। हर्ष पटेल अक्सर देर से सोकर उठता था। गुरुवार 12 बजे तक उसके दोस्तों ने ध्यान नहीं दिया लेकिन करीब पौने दो बजे उसके कमरे पर पहुंचे थे तो दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखने पर हर्ष का शव रस्सी से फंदे पर लटका नजर आया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन और दोस्तों ने भी ऐसी कोई बात नहीं बताई, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# नीलम पार्क परिसर शेड पर लटका मिला अधेड़ का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित नीलम पार्क परिसर में शेड के नीचे 55 साल के व्यक्ति का शव फंदे पर लटका मिला है। चौकीदार का कहना है कि देर रात तक वहां कोई नहीं था। अनुमान लगाया जा रहा है कि गुरुवार तड़के शख्स ने यहां पहुंचकर फांसी लगाई है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब छह बजे सूचना मिली कि नीलम पार्क परिसर में भाषण देने वाले शेड के पास गोल शेड में लोहे के पाइप से करीब 55 साल के व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी लेने पर मृतक के कपड़े से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे पहचान की जा सके। शव के पास ही खाने का पैकेट मिला है जो शासन की ओर से गरीबों को वितरित किए जाने वाला भोजन प्रतीत हो रहा है। पंचनामा बनाकर पुलिस ने शव को हमीदिया अस्पताल के मरचुरी रूम में रखवा दिया है। शिनाख्ती के लिए मृतक के पोस्टर जगह-जगह चस्पा किए गए हैं और विभिन्न सोशल मीडिया समूह में भी फोटो वायरल की गई है।

# कमरे में मिली बुजुर्ग की तीन दिन पुरानी लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में निजी कॉलेज के कैंपस में गुरुवार दोपहर बंद कमरे से पुलिस ने एक बुजुर्ग की लाश बरामद की है। लाश करीब तीन दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज हो चुकी थी। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। मृतक के सिर पर चोट का निशान मिला है। अनुमान है कि उक्त निशान पलंग से गिरने के कारण लगा है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। एएसआई हरिशंकर प्रजापति ने बताया कि 68 साल के माइकल फ्रांसिस भानपुर स्थित निजी कॉलेज के कैंपस में रहते थे। वे पूर्व में यहां रहने वाले अधिकारियों के घर कामकाज करते थे, लेकिन करीब एक साल से उन्होंने काम करना बंद कर दिया था। लंबे समय तक काम करने के कारण कैंपस में उन्हें नि~शुल्क रहने के लिए कमरा मिला था। करीब तीन दिन से वह घर से बाहर नहीं निकले थे। घर से बदबू आने के कारण पड़ोसियों ने गुरुवार दोपहर सिक्योरिटी इंचार्ज को घटना की जानकारी दी। सिक्योरिटी इंचार्ज और पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था और माइकल की लाश अंदर पड़ी हुई थी। एएसआई प्रजापति ने बताया कि माइकल का एक पैर पलंग पर था, जबकि पूरी बॉडी नीचे पड़ी हुई थी। घर से शराब की खाली बोतलें भी मिली है। अनुमान है कि वह शराब के नशे में पलंग से गिर गए होगे। इसी कारण उनके सिर में भी चोट आई है।

### ड्राइवर के हाथ पैर बांधकर झाड़ियों में फेंक, पर्स मोबाइल समेत ट्रक लेकर फरार हुए लुटेरे

### छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित टिंबर मार्केट में चार लुटेरों ने मंगलवार रात की थी वारदात

# हिरासत में दो दिन से आरोपी, सामान बरामद नहीं कर सकी छोला पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित टिंबर मार्केट में मंगलवार रात ट्रक ड्रायवर से मारपीट करते हुए उसके हाथ-पैर बांधकर ट्रक लेकर फरार हुए चारों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी ड्राइवर को झाड़ियों में फेंककर ट्रक लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों एक दिन बाद बुधवार को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने लूटा गया ट्रक तो बरामद कर लिया है, लेकिन पर्स और मोबाइल अभी तक पुलिस को नहीं मिला है। दो दिन में भी पुलिस आरोपियों लूट का अन्य सामान बरामद नहीं कर सकी। पुलिस की दलील हैड़कि चारों आरोपी पुलिस को गुमराह कर रहे हैं।



उल्लेखनीय है कि सर्जनलाल पाल (23) ग्राम बरायटा, थाना नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ का है और ट्रक चलाता है। मंगलवार की रात वह ट्रक लेकर छोला मंदिर स्थित टिंबर मार्केट आया था। सर्जनलाल के ट्रक में 56 क्विंटल लोहे की चादरे लदी हुई थी। रात करीब साड़े दस बजे ट्रक में बैठकर वह मोबाइल ऑपरेट कर रहा था, तभी दो युवक उसके पहुंचे। एक युवक ने उसका मुंह दबा दिया और दूसरे ने गला दबाने का प्रयास किया। इसी बीच क्लीनर साइड से दो दो अन्य युवक ट्रक के कैबिन में घुस आए। चारों ने मिलकर सर्जनलाल के साथ मारपीट की और उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद आरोपी ट्रक लेकर निकल गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद आरोपियों ने सर्जनलाल को झाडियों में फेंक दिया। आरोपियों ने उसका मोबाइल और पर्स भी छीन लिया था। आरोपी मय ट्रक समेत उससे 11 लाख 51 हजार 700 रुपए का सामान लूटकर ले गए थे। पर्स के अंदर 17 सौ रुपए नगद, ड्रायविंग लायसेंस और आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे।

# सड़क पर पड़े शराबी से चलती बाइक में शरारत के समय नाले की पुलिया में घुसी स्कूटर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज के पास नाले की पुलिया में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक्सिस स्कूटर सवार दो युवक घुस गए। इस हादसे में स्कूटर चला रहे युवक को सिर और सीने में गंभीर चोट आई थी, जबकि पीछे बैठे उसे दोस्त को मामूली चोट आई है। हादसा सड़क पर पड़े शराबी को चिड़ाने के कारण हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार अजय सेन पिता टीकाराम सेन (22) जनता नगर करोंद




में रहता था। वह ट्रक चलाता था। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात वह अयोध्या बायपास की तरफ की तरफ से अपने घर लौट रहा था। उसकी स्कूटर पर उसका साथी पीछे बैठा हुआ था। दोनों स्कूटर से आ रहे थे। अजय के साथी ने पुलिस को बताया कि अजय काफी तेज स्कूटर चला रहा था। दोस्त ने अजय को स्कूटर धीरे चलाने का भी कहा था, लेकिन वह कहने लगा कि कोई पहली बार स्कूटर नहीं चला रहा हूं। इसके अजय ने सड़क पर एक शराबी को पड़ा देखा था और चलते स्कूटर में पीछे की तरफ देखते हुए उसे कहा था कि क्यों रे नसे हो गए तो घर जा। इसके बाद वह सामने की तरफ मुड़ा और स्कूटर अनियंत्रित हो गई। वह स्कूटर पर कंट्रोल कर पाता इससे पहले ही स्कूटर नाले की दीवार में जा घुसी थी। उसे पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अजय को मृत घोषित कर दिया।

# लड़की की आवाज निकालकर धोखाधड़ी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार इलाके में रहने वाले शातिर आरोपी अजय मेहरा ने लड़की की आवाज निकालकर लोगों को अपने झांसे में लिया और पैसे खाते में डलवा लिए। पीड़ितों ने शिकायत पुलिस से की। पकड़े जाने पर आरोपी ने कहा कि पिछले दिनों एक फिल्म देखी थी। ड्रीम गर्ल नाम की इस फिल्म में हीरो लड़की की आवाज निकालकर लोगों को धोखा देता था। आरोपी अजय मेहरा ने पैसे कमाने के लिए इस तरीके को अपना लिया। वह मोबाइल पर रेंडम तरीके से लोगों को फोन करता था और लड़की बन मदद मांगता था। लालघाटी निवासी अमन नामदेव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इंस्टाग्राम पर फर्जी लड़की की फोटो लगाकर और फर्जी मोबाइल नंबर के माध्यम से लड़की की आवाज निकालकर अमन नामदेव से आरोपी अजय मेहरा ने 70 हजार रुपए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए थे।

# राजधानी के विभिन्न स्थानों से ऑटो समेत 9 वाहन चोरी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न इलाकों से चोर एक आटो और आठ दोपहिया समेत कुल नौ वाहन चोरी कर ले गए. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. पुलिस के मुताबिक अरेरा हिल्स थानांतर्गत झरनेश्वर मंदिर के पास से मनोज राय का आटो चोरी चला गया. इधर एमपी नगर थानांतर्गत मानसरोवर काम्पलेक्स के पास से सुरेश धाकड़ और जोन क्रमांक दो एमपी नगर से जीवन कुम्हरे की मोटर सायकिल चोरी चली गई. इसी प्रकार न्यू अशोका गार्डन से राहुल पटेल, कोतवाली स्थित बालाजी होटल की पार्किंग से हनीफ शाह और मालवा मेडिकल के सामने से कैफ खान, श्यामला हिल्स स्थित आकाशवाणी के पास पूनम रजक, गौतम नगर स्थित डीआईजी बंगला चौराहे से नीकेश सराठे और स्टेशन रोड बैरागढ़ से अवधेश सिंह की बाइक चोरी चली गई. पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पीड़िता को कई साल तक लिवइन में रखा था आरोपी

# नाबालिग से 10 साल तक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इंदौर रोड के एक इलाके में आरोपी ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया था। शादी का झांसा देकर आरोपी पीड़िता को अपने साथ रखा हुआ था। दोनों की एक संतान भी हुई। दस साल बाद शादी से इंकार करने पर पीड़िता ने थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरोपी के खिलाफ आईपीसी और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।




पुलिस ने बताया कि पीड़िता अब 24 साल की है और एक गृहिणी है। आरोपी एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि जब वह 14 साल की थी और कोतवाली क्षेत्र में रहती थी, तब आरोपी ने एक दिन उसका अपहरण कर लिया। वह उसे बैरागढ़ स्थित अपने घर ले गया जहां उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया। दस साल बाद अब आरोपी शादी नहीं कर रहा है। पुलिस ने बयान पर केस दर्ज किया गया है।

**मेट्रो एंकर** जेल से छूटते ही करने लगा था शराब की तस्करी

# 63 लीटर देशी शराब के साथ कुख्यात बदमाश सलमान एमआईजी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा पुलिस ने कुख्यात बदमाश सलमान एमआईजी को गिरफ्तार कर उसके पास से 63 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है। कुख्यात बदमाश सलमान एमआईजी पर हत्या, लूट, मारपीट, अड़ीबाजी समेत 22 अपराध दर्ज है। आरोपी तीन-चार दिन पहले जेल से छूटकर आया था और अवैध शराब की तस्करी करने लगा था।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेल से तीन-चार दिन पहले छूटकर आया बदमाश सलमान एमआईजी अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिसा नो छ~घरा रेलवे फाटक के पास घेराबंदी करते हुए सलमान को



पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी पुलिस को देखकर अपनी स्कूटी से भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसकी स्कूटी पर तीन बोरिया लटकी थी। जिसमें शराब भरी हुई थी। पुलिस ने शराब जब्त कर ली। जब्त शराब 63 लीटर है, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी सलमान अहमद उर्फ सलमान एमआईजी पुत्र मईद अहमद (35) एमआईजी 231 विवेकानन्द कालोनी करोंद में रहता है। उस पर कुल 22 अपराध दर्ज है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022